



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026





### सड़कों पर उतरे देशभर के करीब 30 करोड़ मजदूर, बिलासपुर के कोयला क्षेत्र में दिखा असर

# इधर, ट्रेड यूनियन की हड़ताल, उधर संसद में कानून पास, छग की खदानों पर असर

*केरल में व्यापक असर, हरियाणा में बैंक, बिजली, पानी सेवाएं प्रभावित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर/बिलासपुर

छत्तीसगढ़, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, गोवा, झारखंड, मध्य प्रदेश और पंजाब सहित कई राज्यों में हड़ताल का मिला-जुला असर देखने को मिला। छत्तीसगढ़ के कोयला क्षेत्र में हड़ताल का व्यापक असर देखा गया। कोरबा में सुबह 5 बजे से ही यूनियन नेताओं की गहमागहमी खदानों के आसपास शुरु हो गई थी और अधिकांश कामगार सुबह होते ही हड़ताल में शामिल हो गए। इससे कोयला खदानों में कामगारों के नहीं पहुंचने पर उत्पादन प्रभावित हुआ। हड़ताल को कांग्रेस के द्वारा समर्थन दिए जाने से उसके कार्यकर्ता खदानों में सक्रिय देखे गए। राजधानी रायपुर के एलआईसी दफ्तर समेत कुछ स्थानों पर हड़ताल ▶▶| शेष पेज 2 पर

श्रम कानून के विरोध में गुरुवार को ट्रेड यूनियनों की हड़ताल रही। देशव्यापी हड़ताल का सामान्य जनजीवन पर ज्यादा असर दिखाई नहीं दिया, लेकिन छत्तीसगढ़ के कोयला क्षेत्र में असर दिखाई दिया। इस बीच, संसद के दोनों सदनों में औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026' को पारित हो गया।

### क्या हैं प्रमुख मांगें

- चार श्रम संहिताओं एवं नियमों को रद्द करना
- बीज विधेयक और विद्युत संशोधन विधेयक
- सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (शांति) अधिनियम को वापस लेना

### किसान संगठनों और ट्रेड यूनियनों ने दिखाई ताकत



### समर्थन में राहुल, विरोध में थरूर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का भी इस बंद को समर्थन प्राप्त था, लेकिन वहीं कांग्रेस नेता शशि थरूर ने इसका विरोध किया। शशि थरूर ने एक्स पर लिखा, यह एक दुख की बात है कि आज का भारत बंद असल में सिर्फ एक और केरल बंद है। जहां बाकी भारत ऐसे जबरदस्ती के विरोध से आगे बढ़ चुका है, वहीं केरल आज भी खास तौर पर अल्पसंख्यकों के असंगठित बहुमत पर इस संगठित अत्याचार का बंधक बना हुआ है। कांग्रेस सांसद ने कहा, जब से मैं राजनीति में ▶▶| शेष पेज 2 पर

### श्रमिक संगठन सक्रिय रहे

कोरबा सहित अन्य जिलों में स्थित एसईसीएल की कोयला खदानों और वर्कशॉप में सुबह 5 बजे की पाली में इंटक सहित अन्य श्रमिक संगठन सक्रिय हो और गए और कर्मचारियों से हड़ताल के लिए समर्थन मांगा। इस पाली में अधिकांश श्रमिक अनुपस्थित रहे वहीं ड्यूटी के लिए जो भी कर्मचारी पहुंचे उनमें से आधे लौट गए। एसईसीएल में साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रमुख गोपाल नारायण ने बताया कि कोलफील्ड ▶▶| शेष पेज 2 पर

### संसद में श्रम कानून पारित

*लोकसभा और राज्यसभा ने गुरुवार को 'औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026' को पारित कर दिया। सरकार ने संहिता के संबंध में विपक्ष की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि यह श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की गारंटी देती है। केंद्रीय श्रम मंत्री ने सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा, इस श्रम संहिता में हमने सुनिश्चित किया है कि संवैधानिक सुरक्षा मानकों के साथ न्यूनतम वेतन मानक तय करेंगे। देश में महिलाओं और पुरुषों को समान वेतन पाने का अधिकार होगा।*

पुलिस, खाद्य एवं औषधीय प्रशासन विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# बैन धुआं-धुआं, 170 बोरी गुटखा, 300 बोरी तंबाकू जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर के एक यार्ड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 170 बोरा सितार गुटखा तथा 300 बोरी तंबाकू जब्त किया है। तंबाकू तथा गुटखा किसी अनूप नागरिया नाम के व्यक्ति का होना बताया जा रहा है। पुलिस ने गुटखा जब्ती की कार्रवाई बुधवार देर रात की है। गुटखा के मालिक के खिलाफ पुलिस मामले की पड़ताल के बाद अपराध दर्ज करने की बात कह रही है।

रायपुर नार्थ के डीसीपी मयंक गुर्जर के निर्देश पर जिस यार्ड में गुटखा तथा तंबाकू की जब्ती की गई है, उस यार्ड का मालिक अनूप नागरिया ही है। एडीसीपी नार्थ आकाश मरकाम के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर छापा मारा। गुटखा जब्ती करने के बाद सैंपल जांच के लिए पुलिस ने घटना दिनांक को ही खाद्य एवं औषधीय प्रशासन विभाग के अफसरों को सूचना दी। प्रशासन ▶▶| शेष पेज 2 पर



### प्रतिबंध के बाद बिक रहा प्रतिबंधित गुटखा

तंबाकू मिश्रित गुटखा बेचे जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने एक दशक पूर्व रोक लगाई है। बावजूद इसके कई गुटखा बनाने वाली कंपनियां तंबाकू मिश्रित गुटखा तैयार कर बेच रही हैं। अवैध रूप से गुटखा बनाने वाली कंपनियां सादा पान मसाला, मीठी सुपारी बनाने के नाम पर अवैध तरीके से गुटखा तैयार कर बेच रही हैं।

### कीमत बढ़ने पर ब्लैक में बेचने स्टोर किया था

केंद्र सरकार ने इस बार के बजट में तंबाकू उत्पाद समान पर टैक्स बढ़ा दिया है। टैक्स बढ़ने के बाद गुटखा की कीमतों में इजाफा होने की संभावना को देखते हुए कारोबारी द्वारा बड़े पैमाने पर गुटखा तथा तंबाकू स्टोरेज किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। जिस कंपनी का गुटखा पुलिस ने जब्त किया है, इसके पूर्व जीएसटी, खाद्य एवं औषधीय प्रशासन विभाग छापे की कार्रवाई कर चुका है।

### गुटखा के नाम पर खतरनाक रसायन परोस रहे

ज्यादातर कंपनी गुटखा के नाम पर खतरनाक रसायन लोगों तक परोस रही हैं। तंबाकू युक्त गुटखा में निकोटीन, बुझा हुआ चूना, पैराफिन तथा अन्य खतरनाक रसायनों का मिश्रण रहता है। इसके साथ ही गुटखा तथा सस्ते पान मसाला में कत्थे की जगह गैम्बियर, सस्ते स्टार्च, मिट्टी, कृत्रिम रंग और बबूल का गोंद मिलाकर सिंथेटिक कत्था तैयार कर मिलाया जाता है।



# गैंग-कल्चर वाले स्टूडेंट्स पर एक्शन की तैयारी, स्कूलों में धारदार वस्तुएं व अब मोबाइल प्रतिबंधित

## बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग व सट्टा से दूर रखने प्राचार्यों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

स्कूल में झगड़ा, धमकी, गैंग-कल्चर व बदमाशी करने वाले छात्रों के प्रति अबर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। संदिग्ध व्यवहार वाले छात्रों की काउंसलिंग होगी। उनके अभिभावकों से नियमित संवाद किया जाएगा। इसके अलावा गंभीर मामलों में पुलिस को



सूचना देने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह निर्देश मंगलवार को हुई प्राचार्यों की बैठक में दिए गए। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए डीसीपी सेंट्रल जोन उमेश गुप्ता ने शाला प्राचार्यों की बैठक ली। जोन के लगभग 60 स्कूलों के प्राचार्य इसमें शामिल हुए। बैठक के दौरान डीसीपी ने स्कूल परिसरों में बढ़ती चुनौतियों,

- 18 वर्ष से कम आयु वाले विद्यार्थी नहीं चला पाएंगे वाहन, मंगलवार को हुई बैठक में प्राचार्यों को दिए गए निर्देश

छात्रों की सुरक्षा, अनुशासन तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वर्तमान में हुई घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। स्कूल परिसर में धारदार अथवा आपत्तिजनक वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने कहा गया है। किसी छात्र के पास ऐसी वस्तु मिलने पर तत्काल अभिभावक को सूचना दी जाएगी। इन छात्रों की विशेष रुप से काउंसिलिंग होगी। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा स्कूल में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने कहा गया है। छात्रों को मोबाइल के दुरुपयोग से होने वाली साइबर बुलिंग, अश्लील कंटेंट, ऑनलाइन गेमिंग-सट्टा, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट जैसे अपराधों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मंत्री केदार कश्यप ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड, कहा- बाघों की संख्या हुई दोगुनी

# छत्तीसगढ़ में 683 वर्ग किमी बढ़ा जंगल 450 गांवों तक पहली बार पहुंची बस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने सरकार के दो साल पूरे होने पर अपने विभाग की दो सालों की उपलब्धियां गिनाई हैं। साथ ही आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी साझा की। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा, दो वर्षों में हर विभाग ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ सघन वनों में 70 प्रतिशत का विस्तार हुआ है। भारतीय वन सर्वेक्षण संस्थान द्वारा दिसंबर 2024 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ के वन एवं वृक्ष आवरण में लगभग 683 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 44 प्रतिशत भाग वन क्षेत्र है। अत्यंत सघन वनों में 348 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज होना वनों की गुणवत्ता और पारिस्थितिक संतुलन में सुधार का प्रमाण है।

**सड़क सुरक्षा के लिए एएनपीआर कैमरों से 135 करोड़ का चालान**

संवाददाताओं से चर्चा करते हुए वन मंत्री ने कहा, राज्य में वन संरक्षण, हरित आवरण विस्तार, वन्यजीव संवर्धन, इको-टूरिज्म विकास तथा वनवासियों की आजीविका सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गई हैं। राज्य सरकार वन संरक्षण के साथ सतत विकास, जैव विविधता संरक्षण और वनवासियों की आजीविका सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने वनों के संरक्षण के साथ साथ विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। परिवहन विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत 69 चयनित मार्गों में 69 बसों का संचालन किया जा रहा है, इससे 450 नए गांवों तक पहली बार यात्री बस सुविधा पहुंच रही है।



### बाघों की संख्या में वृद्धि

मंत्री केदार कश्यप ने कहा, राज्य में बाघों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्ष 2022 की गणना अनुसार प्रदेश में 17 बाघ थे आज 35 बाघ प्रदेश के वनों में विचरण कर रहे हैं। राज्य में बाघ संरक्षण के लिए गुरू घासी दास- तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व का गठन किया गया है। बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए अन्य टाइगर रिजर्व से बाघों के स्थानांतरण की अनुमति भी प्राप्त हुई है। प्रदेश में मानव हाथी द्वंद्व को रोकने के लिए मिनिटिंग एप्प गज संकेत बनाया गया है, जिसके माध्यम से एलिफेंट ट्रेकिंग की जानकारी एसएमएस के माध्यम से ग्रामीणों को तत्काल उपलब्ध कराई जा रही है।

### वनभैंसा और पहाड़ी मैना संरक्षण

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा, राजकीय पशु वनभैंसा के संरक्षण के लिए विशेष योजना तैयार की जा रही है। इन्द्रावती टाइगर रिजर्व में 14 से 17 वनभैंसे देखे गए हैं। राज्य पक्षी पहाड़ी मैना के संरक्षण के लिए स्थानीय युवाओं को 'मैना मित्र' के रूप में जोड़ा गया है, जिसके परिणामस्वरूप अब लगभग 600 से 700 पहाड़ी मैना देखे जा रहे हैं।

### सबसे बड़ा समुद्रीय जीवाश्म पार्क

वन मंत्री ने बताया कि मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर जिला का मरीन फ्रासिल पार्क एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा समुद्रीय जीवाश्म पार्क है। यह जीवाश्म हसदेव नदी के किनारे लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां 29 करोड़ वर्ष पूर्व के जीवाश्म मिले हैं। देश में ऐसे 4 जगह समुद्रीय जीवाश्म मिले हैं। उन्होंने बताया कि गिधवा-परसदा में बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर और बर्ड सफारी का शुभारंभ किया गया है।

### रायपुर को सड़क दुर्घटना में शून्य मृत्यु वाला जिला बनाने की दिशा में कार्य

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में करीब 15 हजार सड़क दुर्घटनाएं हुई इसमें 6,700 लोगों की मौत हुई है। रायपुर जिले को सड़क दुर्घटना में शून्य मृत्यु वाला जिला बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक 37 एएनपीआर कैमरे लीकेज मार्ग में एवं 47 एएनपीआर कैमरे चेकपोस्ट और अन्य स्थानों में लगाए गए है। मई 2023 से जनवरी 2026 तक 3 लाख 2 हजार वाहनों पर कुल 135 करोड़ का चालान किया गया, जिसमें से अब तक करीब 41.58 करोड़ का चालान जमा किया जा चुका है।



# मुठभेड़ में मारे गए कई नक्सली लीडरों की याद में बनाए गए स्मॉरक जमीदोंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वर्ष 2025 में मुठभेड़ में मारे गए करोड़ों के ईनामी वसवराजू, चलपति समेत अन्य शीर्ष नक्सलियों की याद में बनाए गए स्मॉरकों को सुरक्षाबलों ने सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन के दौरान नेस्तानाबूद कर दिया है। इन स्मॉरकों में कई शीर्ष नक्सलियों के स्मॉरक भी शामिल है जिनकी याद में जंगल व मैदानी क्षेत्रों में बनाया गया था। गुरुवार को कुटरू थाना क्षेत्र से कोबरा 210 बटालियन के जाबांजो द्वारा माओवादी विरोधी अभियान के दौरान माड़ क्षेत्र में इन्द्रावती नदी के किनारे वर्ष 2025 में मारे गए कुख्यात माओवादी लीडर पोलित ब्यूरो मेंबर बसवराजू, चलपति व अन्य की स्मृति में माओवादियों द्वारा निर्मित स्मारक को सुरक्षा बलों द्वारा चिन्हित कर पूर्ण रूप से ध्वस्त किया गया। वहीं बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र से सीआरपीएफ 222 बटालियन की टीम द्वारा तोड़का-कोरचोली एवं पेद्दाकोरमा के घने जंगल क्षेत्र में माओवादियों द्वारा बनाए गए स्मारकों को पूरी तरह ध्वस्त किया गया।

- करोड़ों के ईनामी पोलित ब्यूरो मेंबर बसव राजू की याद में बनाए गए स्मॉरक को ढहाया






# बीजापुर जिले में 35 किलो का आईईडी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के आवापल्ली व गंगालूर थाना क्षेत्र से सुरक्षाबलों ने 30 व 5 किलो का दो बम बरामद किया है। नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों के वाहन को उड़ाने के लिए जमीन से दो फीट नीचे बम प्लांट किया गया था लेकिन सुरक्षाबलों की सतर्कता से इसे बरामद कर लिया गया। मौके पर ही बीडीएस की टीम ने दोनों बम को निष्क्रिय कर दिया है। जानकारी के मुताबिक गुरूवार को आवापल्ली थाना क्षेत्र से सीआरपीएफ 196 एवं 170 वीं वाहिनी की संयुक्त टीम आवापल्ली- मुरदण्डा सड़क मार्ग पर डिमाईनिंग ड्यूटी के लिए निकली थी। आवापल्ली -मुरदण्डा मार्ग में बीडीएस टीम के द्वारा मुरदण्डा कैम्प से 3 किमी की दूरी पर मुख्यमार्ग पर सड़क के साईड से 5 फिट अंदर एवं सड़क से 02 फिट नीचे माओवादियों के द्वारा लगाए गए लगभग 30 किग्रा का आईईडी डिटेक्ट किया गया। माओवादियों के द्वारा सुरक्षाबलों के बड़े वाहनों को निशाना बनाने के उद्देश्य से आईईडी को सड़क के नीचे लगाया गया था जिसे सुरक्षा बलो की सतर्कता एवं सूझबूझ से माओवादियों के नापाक मंसूबो को विफल किया गया। डिमाईनिंग के दौरान डिटेक्ट होने पर सुरक्षित रूप से बाहर निकालने का प्रयास किया गया लेकिन आईईडी ज्यादा गहराई में लगे होने से सुरक्षा की दृष्टिकोण से मौके पर नष्ट किया गया। सुरक्षा बलो की सतर्कता एवं सूझबूझ से माओवादियों के नापाक मंसूबो को विफल किया गया। आईईडी नष्टीकरण से सड़क में गहरा गड्ढा हुआ है जिसे भरकर आवागमन बहाल किया गया।



### डिमाइनिंग के दौरान किया डिटेक्ट

आईईडी बरामद करने की दूसरी घटना गगांलूर थाना क्षेत्र की है। गंगालूर क्षेत्र के एफओबी डोडीतुमनार क्षेत्र में केरिपु 153 वाहिनी के द्वारा डिमाइनिंग के दौरान माओवादियों द्वारा लगाया गया 5 किग्रा के प्रेशर आईईडी को डिटेक्ट कर मौके पर नष्ट किया गया।


क्या आपको मोतियाबिंद हैं?

मोतियाबिन्द का कराएं सफल ऑपरेशन

- मोतियाबिंद ऑपरेशन द्वारा दूर एवं पास के चश्में से छुटकारा
- विश्वस्तरीय प्रीमियम IOL प्रत्यारोपण (Alcon Panoptix, Vivity, Clareon, IQ, Toric Lens)
- एडवांस मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको पद्धति द्वारा
- विश्वस्तरीय आधुनिक मशीनों से सुसज्जित रेटिना डिपार्टमेंट
- अनुभवी सर्जन (८० हजार सफल सर्जरी का अनुभव )
- बिना इंजेक्शन, बिना टांके, बिना पट्टी बांधे, शीघ्र रिकवरी
- 10 मिनट में ऑपरेशन और 2 घंटे में छुट्टी

नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर




वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक मोतियाबिंद (Cataract) ऑपरेशन करने पर डॉ. सुभाष मिश्रा गोल्ड मैडल अवार्ड से किया गया सम्मानित

विनायक नेत्रालय

अग्रसेन चौक के पास, बिलासपुर (छ.ग.)

7024664653, 8822118877, 9685333999, 9589336581

**बिलासपुर**

**शुक्रवार 13 फरवरी 2026**

फाल्गुन कृष्ण पक्ष एकादशी

वर्ष : 25, अंक : 322

पृष्ठ : 12+8 =20, मूल्य : 5 .00***

**मौसम**

अधि. 31.0

न्यून. 16.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9

श्रीलंका ने दर्ज की टी-20 विश्व कप के ...



विचार पेज

विवाद की जड़ बनी अप्रकाशित आत्मकथा


## खबर संक्षेप

### प्रसन्न आईसीएआई के नए अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की शीर्ष संस्था आईसीएआई ने गुरुवार को 2026-27 सत्र के लिए प्रसन्न कुमार डी को अपना नया अध्यक्ष निर्वाचित किया। 26वीं परिषद की बैठक में कुमार को अगला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके अलावा मंगेश पांडुरंग किनारे को नया उपाध्यक्ष चुना गया है। कुमार इससे पहले आईसीएआई के उपाध्यक्ष थे। और वह संस्थान के 74वें अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

### इंटेल पर लगाया 27.38 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने डेस्कटॉप कंप्यूटर के लिए 'बॉक्स्ड माइक्रो प्रोसेसर' के संबंध में भारत के लिए एक अलग वारंटी नीति अपनाने को लेकर अमेरिकी कंपनी इंटेल कॉर्प पर 27.38 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इंटेल अमेरिका की एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय सेमीकंडक्टर कंपनी है, जो कंप्यूटर प्रोसेसर और चिप विनिर्माण के लिए जानी जाती है। आयोग ने कहा कि इंटेल ने भारत में बॉक्स्ड माइक्रो प्रोसेसर के बाजार में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग किया है।

### चारू गुप्ता को मिलेगा 'आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुरस्कार



**नई दिल्ली।** शिक्षाविद् और लेखिका चारू गुप्ता को उनकी पुस्तक ''हिंदी हिंदू हिस्ट्रीज' के लिए प्रतिष्ठित 'आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार' (दक्षिण एशिया) से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। कला इतिहासकार और सांस्कृतिक विचारक आनंद के. कुमारस्वामी के नाम पर स्थापित यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, दक्षिण एशियाई अध्ययन में विद्वतापूर्ण कार्य करने वाले उन लेखकों को दिया जाता है जिनकी रचना संपूर्ण विषय क्षेत्र की समझ को परिभाषित या पुनर्परिभाषित करती है। एसोसिएशन फॉर एशियन स्टडीज (एएएस) द्वारा दिए जाने वाले इस पुरस्कार में 1,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 90,500 रुपये) का नकद पुरस्कार शामिल है।

### छिटपुट हिंसा के बीच मतदान, 42,779 मतदान केंद्र, 12.7 करोड़ मतदाता

# बांग्लादेश आम चुनाव, रूझानों में बीएनपी आगे, जमात की बढ़ी चिंता

*बांग्लादेश में महत्वपूर्ण आम चुनाव के लिए लोगों ने बृहस्पतिवार मतदान किया। हालांकि, मतदान छिटपुट हिंसा की घटनाओं से प्रभावित रहा। मतदान पूरे होते ही मतगणना भी शुरू हो गई। रुझानों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) आगे नजर आई। मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शांतिपूर्ण चुनाव पर खुशी जताई, लेकिन बीएनपी कम मतदान प्रतिशत से चिंतित है। जमात-ए-इस्लामी ने धांधली का आरोप लगाते हुए पुनः मतदान की मांग की। अवामी लीग की अनुपस्थिति ने चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं, जबकि चुनाव आयोग ने इसे निष्पक्ष करार दिया है।*



एजेंसी ▶▶| ढाका

देश भर में 300 में से 299 संसदीय सीट पर मतदान सुबह साढ़े सात बजे (स्थानीय समयानुसार) शुरू हुआ और शाम साढ़े चार बजे तक जारी रहा। हालांकि, जिन जगहों पर मतदाता मतदान केंद्र के अंदर थे, वहां उनके मतदान करने तक मतदान जारी रहा। एक उम्मीदवार की मृत्यु होने के कारण एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान रद्द कर दिया गया है। इधर, मतदान पूरे होते ही मतगणना शुरू हो गई।

- जमात ए इस्लामी ने लगाया धांधली का आरोप

मतदान शुरू होने के बाद देश की दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के शीर्ष नेताओं के साथ-साथ अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने बृहस्पतिवार को अपने वोट डाले। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान ने ढाका के रिहायशी गुलशन इलाके में स्थित गुलशन मॉडल स्कूल एवं कॉलेज में बने मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। रहमान पार्टी के प्रमुख उम्मीदवार ▶▶|शेष पेज 2 पर

### 300 में से 299 संसदीय सीट पर हुआ चुनाव





**दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टियां**

बांग्लादेश की दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के शीर्ष नेताओं के साथ-साथ मुख्य सलाहकार यूनुस ने शुरूआत में ही मतदान किया। बीएनपी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने ढाका के रिहायशी गुलशन इलाके में स्थित गुलशन मॉडल स्कूल एवं कॉलेज केंद्र में अपना वोट डाला। रहमान पार्टी के प्रमुख उम्मीदवार के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, तटस्थ तरीके से और बिना किसी विवाद के'' होते हैं तो बीएनपी परिणामों को स्वीकार करेगी। उन्होंने कहा, अगर लोग अपना वोट डालते हैं तो आज से ही देश में लोकतंत्र की शुरुआत हो सकती है।

### शेख हसीना ने चुनाव को बताया गैरकानूनी



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव के बीच अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे फर्जी, अवैध और असंवैधानिक करार दिया है। शेख हसीना ने चुनाव के बहिष्कार के लिए देश की जनता, खासकर महिलाओं, अल्पसंख्यक समुदायों और समर्थकों का आभार जताया और अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने के आरोप लगाए।

### बीएनपी नेता की मौत

खुलना में एक मतदान केंद्र के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के दौरान एक बीएनपी नेता की मौत हो गई। बीएनपी का कहना है कि जमात के एक नेता के धक्का देने की वजह से पेड़ से टकराकर वह घायल हो गए थे, जिससे उनकी मौत हुई।

### 13 साल की लड़की समेत तीन घायल

गोपालगंज में बम हमले में 13 वर्षीय लड़की सहित तीन लोग घायल हो गए हैं। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे निचुपाड़ा स्थित रेशमा इंटरनेशनल स्कूल में बने मतदान केंद्र में विस्फोट हुआ। इस घटना में चुनाव सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अर्द्धसैनिक सहायक बल 'अंसार' के दो सदस्य भी घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

# अफसरों को मंगल और बुधवार को दफ्तर में हाजिर रहना अनिवार्य

### गुरु और शुक्र को कर सकेंगे फील्ड में भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की कार्यप्रणाली में सुधार के इरादे से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। सरकार ने तय किया है कि अब मंगलवार और बुधवार को सभी राजपत्रित और अराजपत्रित अधिकारी अनिवार्य रूप से मुख्यालय, कार्यालय में हाजिर रहेंगे। केवल विशेष परिस्थिति में ही इस टाइम टेबल से छूट मिलेगी। इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश से सर्व संबंधितों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा गया है। इसमे शासन के समस्त विभाग, अध्यक्ष, राजस्व मंडल, छत्तीसगढ़, बिलासपुर, प्रमुख सचिव, मान. मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर, अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, रायपुर, ▶▶|शेष पेज 2 पर

### अब लागू हुआ ये निर्देश

सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश दिया है कि कार्यालयीन उपस्थिति (मंगलवार से बुधवार): राज्य के समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी मंगलवार एवं बुधवार एवं बुधवार को अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय/कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। इस अवधि में कार्यालयीन नस्तियों ( फाइलों) का निराकरण, विभागीय समीक्षा एवं आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### गुरुवार-शुक्रवार को करेंगे ये काम

निर्देश में कहा गया है कि अधिकारियों का दौरा कार्यक्रम गुरुवार एवं शुक्रवार को रहेगा, इस दिन क्षेत्रीय निरीक्षण, निरीक्षण और अन्य बाहरी कार्यों के लिए केवल गुरुवार एवं शुक्रवार का दिन निर्धारित किया जाता है। अधिकारी अपने क्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम इसी अवधि में नियोजित करेंगे।

### इसलिए जारी हुआ ये आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा है कि राज्य शासन के संज्ञान में आया है कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण एवं दौरों के कारण कार्यालयीन कार्य तथा आम जनता से भेंट के समय में अनियमितता हो रही है। इसलिए प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए ये निर्देश जारी किए गए हैं।

# गंगालूर और केशकुतुल आवासीय विद्यालय के अधीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




जिला प्रशासन ने संस्थावार नियुक्त नोडल अधिकारियों के प्रतिवेदन के आधार पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालयों में गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि होने पर 7 अधीक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अंतर्गत गठित समिति ने जांच के दौरान नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक एवं बालिका आवासीय विद्यालयों भटवाड़ा, संगमपल्ली, माटवाड़ा, केशकुतुल, गंगालूर में दर्ज ▶▶|शेष पेज 2 पर

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

*संयुक्त संचालक ने 4 अधीक्षकों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की है, जबकि एक अधीक्षक पूर्व से ही निलंबित बताया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छात्र हितों से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

भाजपा सांसद निशिकांत ने सदन में पेश किया एक प्रस्ताव

# ...तो रद्द होगी राहुल की सदस्यता चुनाव लड़ने पर भी लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



लोकसभा में सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ती तनातनी गुरुवार को अपने चरम पर जा पहुंची। बीते दिनों विपक्ष द्वारा अपनी आवाज को सदन में दबाए जाने के आरोप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाया गया था। तो वहीं, अब इसी क्रम में सत्ता पक्ष से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता को रद्द करने और उनके आजीवन चुनाव लड़ने पर रोक लगाने के लिए 'सब्सटेंटिव मोशन' नामक एक प्रस्ताव पेश किया है। सदन ▶▶|शेष पेज 2 पर

### कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में बनी रणनीति



संसद के लोकसभा बजट सत्र के बीच कांग्रेस संसदीय दल के लोकसभा सांसदों की अहम बैठक आज संसद हाउस ऐनेक्स, एक्सटेंशन में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने की। बैठक का उद्देश्य शेष बजट सत्र के दौरान विपक्ष की रणनीति तैयार करना तथा संसद में चल रहे राजनीतिक गतिरोध का सामना करना है। बैठक में शामिल सांसदों ने सरकार के खिलाफ एकजुट मोर्चा तैयार करने, संसद कार्यवाही में विपक्ष की भूमिका मजबूत करने और लोकसभा में विपक्ष की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने पर गहन विचार-विमर्श किया। इस ▶▶|शेष पेज 2 पर

3.60 लाख करोड़ रुपए के रक्षा सौदे पर लगी मुहर

# सेना की और बढ़ेगी ताकत गरजेंगे 114 राफेल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को गुरुवार को मंजूरी दे दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने सशस्त्र बलों की युद्धक तैयारी को मजबूत करने के लिए 3.60 लाख करोड़ रुपए के सैन्य उपकरणों की पूंजीगत खरीद को मंजूरी दी। सूत्रों ने बताया कि इस परियोजना के तहत, राफेल बनाने वाली कंपनी दसॉल्ट एविएशन द्वारा 18 विमान सीधे 'उड़ान भरने की स्थिति' में आपूर्ति किए जाएंगे और शेष विमानों का निर्माण भारत में ▶▶|शेष पेज 2 पर

### रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में बैठक



रक्षा मंत्रालय ने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने लगभग 3.60 लाख करोड़ रुपए के अनुमानित मूल्य पर सेनाओं के विभिन्न प्रस्तावों के लिए 'आवश्यकता स्वीकृति' प्रदान की। इसने कहा, भारतीय वायु सेना के लिए एमआरएफए, लड़ाकू मिसाइलों और एयरशिप आधारित उच्च ऊंचाई वाले छद्म उपग्रह की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दी गई थी। मंत्रालय ने कहा कि एमआरएफए की खरीद से युद्ध की सभी स्थितियों में हवाई वर्चस्व स्थापित करने की क्षमता बढ़ेगी और लंबी दूरी के आक्रामक हमलों के साथ वायुसेना की निवारक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

वार्षिकोत्सव के दौरान बांटा, अभिभावकों ने किया हंगामा

# बच्चों को एक्सपायरी चिप्स संचालक सहित दो गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के गृह जिले दुर्ग के ग्राम पउवारा के एक स्कूल के वार्षिक उत्सव के दौरान स्टूडेंट्स को तीन महीने पहले एक्सपायर हो चुका चिप्स बांटने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल में जमकर हंगामा किया। बाद में पुलिस प्रशासन वहां पहुंचा और परिजनों को शांत कराया। मामला उतई थाना अंतर्गत रॉयल एकेडमी स्कूल ▶▶|शेष पेज 2 पर

### जांच कर की जाएगी कार्रवाई

इस मामले की जांच की जाएगी। पुलिस विभाग से पूरी जानकारी ली जाएगी, और मामले की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**- जितेंद्र नेले अभिहित अधिकारी,** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग दुर्ग

### दुकानदार का दावा- प्रोडक्ट पूरी तरह से सुरक्षित

हंगामा के बाद जब उस दुकानदार का पता किया गया, जहां से चिप्स के पैकेट खरीदे गए थे तो दुकानदार ने दावा किया कि सामान पूरी तरह सुरक्षित है, पैकेट पर डेट पुरानी छप गई है। इससे लोगों का गुस्सा और भड़क उठा। स्कूल प्रबंधन ने ही इस दुकानदार को स्टॉल की अनुमति दी थी, इसलिए अब उनके ऊपर सवाल खड़े हो गए हैं कि बच्चों के स्वास्थ्य की कोई जांच किए बिना कैसे इजाजत दी गई?

### स्कूल प्रबंधन ने दिया गोलमोल जवाब

शिकायतकर्ता अभिभावक कमलेश कुमार नेताम ने बताया कि जब इस मामले को लेकर स्कूल प्रशासन से संपर्क किया गया तो गोलमोल जवाब दिए गए। इसके बाद वो अन्य अभिभावकों के साथ उतई थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की।




## प्रथम पृष्ठ का शेष

### इधर, ट्रेड यूनियन...

का असर दिखा। 12 घंटे के राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के कारण ओडिशा में सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। श्रमिक संगठनों ने दावा किया कि 'यह केंद्रीय सरकार की आम-जन और राष्ट्र-विरोधी नीतियों के खिलाफ बड़ी प्रतिक्रिया' है और कहा कि इस हड़ताल में 30 करोड़ से अधिक श्रमिकों, किसानों और अन्य वर्गों ने भाग लिया। दिल्ली में श्रमिक संगठनों ने हड़ताल की कार्रवाई के तहत सभी औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदर्शन आयोजित किए। राष्ट्रीय राजधानी में जंतर-मंतर पर एक बैठक हुई जिसे केंद्रीय श्रमिक संगठनों के नेताओं ने संबोधित किया। इस बीच कनडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि "देश भर के बाजार खुले हैं, व्यापार सामान्य है और सभी व्यावसायिक गतिविधियां सामान्य रूप से चल रही हैं। हालांकि, खबरों के मुताबिक हड़ताल के कारण ओडिशा में सामान्य जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों सहित प्रमुख सड़कें अवरुद्ध होने से सार्वजनिक परिवहन, बाजार, शैक्षणिक संस्थान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान प्रभावित हुए। बंद का असर भुवनेश्वर, कटक, बालासोर, बेरहामपुर और संबलपुर सहित सभी प्रमुख शहरी क्षेत्रों में महसूस किया गया। झारखंड के बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी संघ के उपमहासचिव उमेश दास ने कहा कि राज्य में हड़ताल के कारण बैंकिंग, बीमा एवं कोयला क्षेत्र प्रभावित हुए। राज्य में वाम दलों और कांग्रेस ने भी हड़ताल को समर्थन दिया। छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने के कारण कई राष्ट्रीयकृत बैंक बंद रहे। मजदूरों और किसानों के साथ-साथ बीमा कंपनियों, डाकघरों के कर्मचारियों ने भी आंदोलन में भाग लिया, जिससे उनके संबंधित क्षेत्रों में कामकाज प्रभावित हुआ। खनिज समृद्ध राज्य में खनन गतिविधियां आंशिक रूप से प्रभावित हुईं। हालांकि, राज्य में परिवहन सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहीं और दुकानें, बाज़ार और अधिकांश व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले रहे। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले सहित कई इलाकों में मौटे तौर पर सामान्य स्थिति बनी रही, जहां भिलाई इस्पात संयंत्र में कामकाज सामान्य रूप से जारी रहा। तमिलनाडु में बंदरगाह संचालन प्रभावित रहा और श्रमिकों ने प्रदर्शन किया। तूतीकोरिन और चेन्नई बंदरगाहों पर आंदोलन का सबसे ज्यादा असर पड़ा। पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल को समर्थन दिया। पार्टी ने घोषणा की कि पंजाब समेत देशभर में उसके कार्यकर्ता मजदूरों और किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बंद में शामिल होंगे। गोवा में आंदोलन का मिला-जुला असर देखने को मिला, जहां बैंकिंग परिचालन प्रभावित रहा जबकि आवश्यक सेवाएं निर्बाध रहीं। मध्य प्रदेश में रक्षा प्रतिष्ठानों में कार्यरत 25 हजार से अधिक असैनिक कर्मचारी हड़ताल के समर्थन में बृहस्पतिवार को एक घंटे देरी से काम पर पहुंचे। राज्यभर में बाजार, स्कूल और कॉलेज खुले रहे। पश्चिम बंगाल में हड़ताल के आह्वान का कोई खास असर नहीं दिखा। इसी तरह त्रिपुरा में भी हड़ताल का खास असर नहीं पड़ा। सरकारी कार्यालय, बैंक, शैक्षणिक संस्थान और बाजार खुले रहे जबकि सड़क परिवहन एवं रेल सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होती रहीं। गुजरात में भी हड़ताल का सीमित असर रहा और राज्यभर में अधिकतर सेवाएं तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठान सामान्य रूप से काम करते रहे। अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट सहित प्रमुख शहरों में सामान्य जनजीवन अप्रभावित रहा।

### समर्थन में राहुल,...

आया हूं, मेरा स्टैंड एक जैसा रहा है: मैं विरोध करने के अधिकार का समर्थन करता हूं, लेकिन रुकावट डालने के अधिकार का नहीं। किसी भी भारतीय को किसी दूसरे के आजाद आने-जाने में रुकावट डालने का संवैधानिक अधिकार नहीं है।

### श्रमिक संगठन सक्रिय...

में चल रही हड़ताल को लगभग 80 प्रतिशत फीसदी कर्मचारी और मजदूरों का समर्थन मिल रहा है, और इसका कोल उत्पादन पर व्यापक असर पड़ रहा है। इस हड़ताल को सीएसईबी की जनता यूनियन द्वारा भी समर्थन दिया गया। इस संगठन से जुड़े कर्मचारी आज काली पट्टी लगाकर काम किए। राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में छत्तीसगढ़ के बिजली कर्मियों ने गुरुवार को सांकेतिक हड़ताल कर जोरदार विरोध दर्ज कराया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के आह्वान पर प्रदेशभर में उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण इकाइयों के कर्मचारियों ने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल द्विवेदी और महासचिव अजय बाबर ने कहा कि प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025 बिजली क्षेत्र के निजीकरण का रास्ता खोलता है। संयुक्त श्रम संगठन की मांगों के समर्थन में कांग्रेस कमेटी द्वारा खदान के अंदर घुसकर मशीनों को बंद करवाया गया। प्रमुख रूप से पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री हरीश परसाई, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभा तंवर, तनवीर अहमद, गोपाल यादव, विशाल शुक्ला, रामू कुमार, प्रशांति सिंह, हर्षित देवी एवं अन्य पार्षदगण ने विरोध कर अंदर की मशीनों को बंद कराया।

### बैन धुआं-धुआं,...

विभाग के अफसरों ने गुटखा तथा तंबाकू के सैंपल लैब जांच करने अपने साथ ले गए हैं। **गुटखा का भंडारण, विक्रय गुढ़ियारी से -** `सर्स मउरानीपुर लॉजिस्टिक प्रा. लिमिटेड से जब्त गुटखा को लेकर खाद्य एवं औषधीय प्रशासन विभाग ने बयान जारी कर बताया है कि उक्त गुटखा का भंडारण तथा विक्रय करने का काम गुढ़ियारी, श्रीनगर निवासी शिवम यादव द्वारा किया जाता है। इससे पुष्टि होती है, मांग के अनुरूप अनूप नागरिया गुटखा मंगाकर अपने यार्ड से संबंधित लोगों तक गुटखा आपूर्ति करता है।

### बांग्लादेश आम चुनाव...

के रूप में उभरे हैं। रहमान ने मतदान केंद्र से बाहर निकलते हुए कहा, मैंने मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग किया है। बांग्लादेश की जनता एक दशक से अधिक समय से इस दिन का इंतजार कर रही थी। बीएनपी की पूर्व सहयोगी और अब मुख्य प्रतिद्वंद्वी जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने मोनीपुर उच्च विद्यालय एवं कॉलेज में अपना वोट डाला। हसीना की अब भंग हो चुकी अवामी लीग की गैरमौजूदगी में मुख्य मुकाबला बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसकी पूर्व सहयोगी जमात-ए-इस्लामी के बीच है। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने शेख हसीना की अवामी लीग को पिछले साल भंग कर दिया था और पार्टी के चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। सरकारी 'बीएसएस' समाचार एजेंसी के अनुसार बांग्लादेश निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने बताया कि दोपहर दो बजे तक 48 प्रतिशत मतदान हुआ। देश भर में 299 निर्वाचन क्षेत्रों में 42,779 मतदान केंद्रों पर लगभग 12.7 करोड़ मतदाता अपने मत डालने के लिए पंजीकृत थे।

**50 राजनीतिक दलों के 1755 उम्मीदवार-** कुल 50 राजनीतिक दलों के कुल 1,755 उम्मीदवार और 273 निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। बीएनपी ने सबसे अधिक 291 उम्मीदवार उतारे हैं। चुनाव में 83 महिला उम्मीदवार हैं। करीब 81 स्थानीय संगठनों के 55,454 पर्यवेक्षकों ने चुनाव की निगरानी की, जबकि विदेशी चुनाव पर्यवेक्षकों की संख्या 394 रही। यूनुस ने कहा है कि वह निर्वाचित सरकार को तत्काल सत्ता सौंप देंगे। उन्होंने राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और संबंधित पक्षों से मतदान के दिन संयम, सहिष्णुता और लोकतंत्र के अनुकूल व्यवहार बनाए रखने की अपील की है। मतदान के दौरान हिंसा रोकने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानून लागू करने वाली एजेंसियों के लगभग 9,00,000 कर्मियों को तैनात किया गया। प्रशासन ने राजधानी के प्रमुख इलाकों में बख्तरबंद वाहन (एपीसी) और त्वरित कार्यबल (आरएटी) तैनात किए हैं। पहली बार, चुनाव सुरक्षा के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया।

### अफसरों को मंगल...

सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, नवा रायपुर अटल नगर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त, छत्तीसगढ़, सभी कलेक्टर, छत्तीसगढ़,सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, छत्तीसगढ़, रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर, महाधिवक्ता, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर,. संचालक, शासन के विभिन्न विभाग द्वारा गठित समस्त निगम, मंडल आयोग,सहकारी संस्था, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली, . विशेष सहायक,निज सहायक, सभी मंत्री शामिल हैं।

**विशेष परिस्थिति में मिली छूट-**
सरकार ने कहा है कि अति-आवश्यक कार्य, कानून व्यवस्था, या वरिष्ठ कार्यालय द्वारा आहूत बैठकों की स्थिति में ही उक्त समय-सारणी में परिवर्तन मान्य होगा। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार का उल्लंघन अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना जाएगा।

### गंगालूर और केशकुतुल...

उपस्थिति के अनुपात में अधिक संख्या में छात्रों की अनुपस्थिति पाई गई। साथ ही अनुपस्थित छात्रों के भोजन मद से अतिरिक्त राशि आहरित करने तथा प्रतिमाह मेस चार्ज पंजी का संधारण नहीं करने जैसी गंभीर लापरवाही सामने आई।

उक्त अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने दो अधीक्षकों नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका आवासीय विद्यालय गंगालूर एवं बालक आवासीय विद्यालय केशकुतुल को निलंबित किया है। शेष 5 अधीक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रकरण संयुक्त संचालक, शिक्षा जगदलपुर को प्रेषित किया गया है।

### ...तो रद्द होगी...

में इस बाबत शाम के वक्त अपनी बात रखते हुए उन्होंने विपक्ष के नेता पर जोरदार अंदाज में हमला बोला। जिसमें कहा कि विपक्ष के नेता का पूरा व्यवहार 'अर्बन नक्सल' जैसा है। वो लगातार अपने बयानों, भाषणों के जरिए देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। दुबे के इस बयान पर सदन में हंगामा हुआ और उसके बाद कार्रवाई को शुक्रवार (13 फरवरी) सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

निशिकांत ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा, मैंने आज राहुल गांधी के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश किया है। जिसमें यह बताया है कि वह अपनी विदेश यात्राओं (थाईलैंड, वियतनाम, कंबोडिया) में देश को तोड़ने वाली साजिशों जैसे सोरोस, यूएस ऐड और फोर्ड फाउंडेशन के साथ मिलकर देश को गुमराह कर रहे हैं। सेना के मनोबल को गिरा रहे हैं और जितनी देश विरोधी शक्तियां हैं। उनके साथ भारत के टुकड़े-टुकड़े कर देना चाहते हैं। इस प्रस्ताव के जरिए मेरी लोकसभा अध्यक्ष से यही मांग है कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द की जानी चाहिए, उनके आजीवन चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जानी चाहिए। मैंने प्रस्ताव पर सदन में चर्चा करने की मांग भी की है।

**विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं-**
भाजपा सांसद ने यह भी साफ किया कि नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ सरकार की तरफ से फिलहाल विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने की योजना नहीं है। लेकिन मेरा यह प्रस्ताव एक स्वतंत्र प्रस्ताव है, जिसमें मैंने उनकी संसद सदस्यता खत्म करने की मांग की है। वहीं, सूत्रों ने भी ये पुष्टि की है कि सरकार राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं लाएगी। क्योंकि उन्होंने अपने बजट भाषण में सरकार के विरूद्ध लगाए गए आरोपों को सदन में प्रमाणित नहीं किया है।

### कांग्रेस संसदीय दल...

रणनीति में शामिल मुद्दों में महंगाई, बेरोज़गारी, किसान संकट, केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा विरोध, तथा संसद के कामकाज को सुचारु रूप से आगे बढ़ाने के उपाय शामिल थे।

बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि विपक्ष सरकार की नीतियों का संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह प्रभावी ढंग से आलोचना करेगा। इसमें विशेष रूप से भारत–अमेरिका ट्रेड समझौते, मजदूर कोड, और बजट संबंधी अन्य संवेदनशील मुद्दों पर विपक्षी प्रतिनिधियों की भूमिका पर भी चर्चा की गई।

सूत्रों के मुताबिक बैठक में कांग्रेस पार्टी के लगभग सभी लोकसभा सांसद मौजूद रहे और उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष की रणनीति को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। बैठक का आयोजन संसद भवन के ऐनेक्स एक्सटेंशन में किया गया, ताकि सांसद बिना संसद की मुख्य कार्यवाही प्रभावित किए आराम से विचार-विमर्श कर सकें।

हालाँकि, कुछ बातों पर भी चर्चा चल रही है। पिछली ऐसी बैठक में पार्टी के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर की अनुपस्थिति ने सुराग दिए थे कि विपक्ष में रणनीतिक दृष्टि से मतभेद भी मौजूद हैं। लेकिन वर्तमान बैठक में सभी प्रमुख सांसदों की भागीदारी से कांग्रेस की एकजुटता का संकेत मिला है।

यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब संसद में विपक्ष और सरकार के बीच कठोर तनातनी जारी है। इसी हफ्ते लोकसभा में बीजेपी सांसद द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ सदस्यता रद्द करने का प्रस्ताव पेश किया गया और सदन की कार्यवाही कई बार हंगामे के कारण स्थगित भी हुई है।

**राहुल बोले-जारी रहेगा संघर्ष-**
बैठक के बाद राहुल गांधी ने बताया कि कांग्रेस संसदीय दल लोकतंत्र के मूल्यों को बचाने के लिए लगातार संघर्ष करेगा और विपक्ष की भूमिका को संविधान एवं संसदीय परंपरा के अनुसार मजबूती से आगे बढ़ाएगा। आगे के दिनों में पार्टी संसद के भीतर विपक्ष की रणनीति को और तीव्र करेगी तथा सरकार के सामरिक सम्बंधित मुद्दों पर प्रश्न उठाएगी, ताकि आम नागरिकों की आवाज़ संसद तक पहुँच सके।

### सेना की और...

किया जाएगा। जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उत्पादन शामिल होगा और यह उत्पादन चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने खरीद की लागत का खुलासा नहीं किया है, लेकिन अनुमान है कि यह 2.90 लाख करोड़ रुपये से 3.15 लाख करोड़ रुपये के बीच होगी। राफेल विमानों की खरीद को मंजूरी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से ठीक चार दिन पहले मिली। इस सौदे को हालांकि अंतिम रूप देने के लिए औपचारिक अनुबंध इस साल के अंत से पहले होने की संभावना नहीं है, क्योंकि रक्षा मंत्रालय को अब हथियारों के पैकेज की लागत और बारीक विवरणों को अंतिम रूप देने के लिए दसॉल्ट एविएशन के साथ बातचीत करनी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) को भी अधिग्रहण कार्यक्रम को अंतिम मंजूरी देनी होगी। अप्रैल 2019 में, भारतीय वायुसेना ने लगभग 18 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत से 114 बहु-उद्देश्यीय लड़ाकू विमान (एमआरएफए) की खरीद के लिए एक आरएफआई (सूचना के लिए अनुरोध), या प्रारंभिक निविदा जारी की। इसे हाल के वर्षों में दुनिया के सबसे बड़े सैन्य खरीद कार्यक्रमों में से एक के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इस परियोजना के अन्य दावेदारों में लॉकहीड मार्टिन का एफ-21, बोइंग का एफ/ए-18 और यूरोफाइटर टाइफून शामिल थे। लड़ाकू विमानों की खरीद का यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारतीय वायुसेना के लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या आधिकारिक तौर पर स्वीकृत 42 की संख्या से घटकर 31 रह गई है। लगभग 13 साल पहले, रक्षा मंत्रालय ने मध्यम बहु-उद्देश्यीय लड़ाकू विमान (एमएमआरसीए) के एक बेड़े की खरीद के लिए जमीनी स्तर पर तैयारी पूरी कर ली थी। हालांकि, यह परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई थी। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की स्क्वाड्रन संख्या में तेजी से हो रही गिरावट के मद्देनजर, 2015 में मोदी सरकार ने 36 राफेल लड़ाकू विमानों के लिए समझौते की घोषणा की थी। भारतीय वायुसेना वर्तमान में इन राफेल विमानों का संचालन करती है।

**नौसेना की समुद्री निगरानी भी होगी मजबूत-** आसमान के साथ-साथ समंदर में भी भारत की निगरानी क्षमता बढ़ने वाली है। डीएसी ने नौसेना के बेड़े में 6 नए पी-8आई एयरक्राफ्ट जोड़ने को मंजूरी दी है। भारतीय नौसेना पहले से ही 12 पी-8आई विमानों का संचालन कर रही है। इन नए विमानों के आने से हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी क्षमता को और अधिक मजबूती मिलेगी। **वायुसेना को मिलेंगे 6 से 7 नए स्क्वाड्रन-** इस सौदे का सबसे अहम पहलू वायुसेना की गिरती स्क्वाड्रन संख्या को संभालना है। 114 नए राफेल विमानों के शामिल होने से भारतीय वायुसेना को 6 से 7 नए स्क्वाड्रन मिलेंगे। वर्तमान में वायुसेना के पास लगभग 30 स्क्वाड्रन हैं, जबकि देश की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए 42 स्क्वाड्रन की आवश्यकता है। डीएसी की मंजूरी मिलने के बाद अब यह प्रस्ताव अंतिम स्वीकृति के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) के पास भेजा जाएगा।

### बच्चों को एक्सपायरी...

पउवारा का है। यहां बीते 10 फरवरी को वार्षिक उत्सव के दौरान बच्चों को 3 महीने पहले एक्सपायरी चिप्स के पैकेट बांटे गए। इसकी जानकारी जब बच्चों के अभिभावकों को हुई तो उन लोगों स्कूल जाकर हंगामा किया और कहा कि यदि इसे खाकर उनके बच्चे बीमार होते तो कौन जिम्मेदार होता। अभिभावकों ने बताया कि रॉयल एकेडमी पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान परिसर में जंक फूड स्टॉल लगाया गया था। यहां एक्सपायरी डेट पार कर चुकी सामग्री बच्चों को बेची जा रही थी। अभिभावकों की शिकायत पर स्कूल के अध्यापकों ने भी जब इसे चेक किया तो पाया कि चिप्स और कुरकुरे के पैकेट 3 महीने पहले एक्सपायर हो चुके थे। गुस्साए अभिभावकों ने स्टॉल घेर लिया, स्कूल प्रबंधन से कड़े सवाल किए और बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर आरोप लगाए। शाम ढलते-ढलते माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि पुलिस प्रशासन को मौके पर बुलाना पड़ा।

**स्कूल संचालक और कर्मचारी गिरफ्तार-**
उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि पुलिस ने स्कूल में जाकर जांच की तो वहां मशाले सहित खाने पीने की चीजें चिप्स के पैकेट एक्सपायरी पाए गए। बच्चों ने उसका सेवन भी किया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर स्कूल के संचालक मोहम्मद अकरण और उसके कर्मचारी गुलशरीफ के खिलाफ मानव जीवन को संकट में डालने जैसी लापरवाही की धारा के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ धारा 151 की भी कार्रवाई की गई है।


FORM NO.
[See Regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.**

RC/152/2024 05.02.2026

PUNJAB NATIONAL BANK
Versus
SMT SADHNA SINGH

To,
**(CD1) SMT SADHNA SINGH**
MAHUDA, PO- CHAMPA, DISTT.- JANGIR CHAMPA-495668
**(CD2) SHRI OM SHARAN SINGH**
MAHADEV GHAT KESAR PARA TEH.- CHAMPA, DISTT.- JANGIR CHAMPA-495671
**(CD3) SHRI JAGDISH SINGH**
MAHADEV GHAT KESAR PARA TEH.- CHAMPA, DISTT.- JANGIR CHAMPA-495671

Whereas you the **SMT SADHNA SINGH** was ordered by the Presiding Officer of **DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR** who had issued the Recovery Certificate dated **15/04/2024** in **OA/1744/2019** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 3079453.76 (Rupees Thirty Lakhs Seventy Nine Thousands Four Hundred Fifty Three And Paise Seventy Six Only)** along with pendentellite and future interest @ 8.30 % w.e.f. 16/11/2019 till realization and costs of **Rs 33000 (Rupees Thirty Three Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

**2.** You are hereby informed that the **01/04/2026** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.


**Specification of property**

Free Hold Property situated at Khasra No.-644, area admeasuring 2.30 acre Champa Road Mouza Gram Mahuda-2 Ph No. 01 Rnm and Tehsil Champa District- Janjgir Champa (C.G.) property in the name of Smt. Sadhna Singh W/o Shri Om Sharan Singh.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **05/02/2026.**

SEAL
Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur








# अहमदाबाद हादसा, टेक्निकल खराबी नहीं बल्कि पायलट ने बंद किया था फ्यूल स्विच!

## 'इटैलियन डेली अख़बार कोरिरे डेला सेरा की नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच हुई बातचीत से वाकिफ़ दो सोर्स का हवाला देते हुए रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अहमदाबाद में एअर इंडिया फ़्लाइट क्रैश की जांच कर रहे इन्वेस्टिगेटर्स इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि यह हादसा किसी टेक्निकल खराबी की वजह से नहीं हुआ था, बल्कि यह एक 'जानबूझकर की गई हरकत' का नतीजा था। इटैलियन डेली अख़बार कोरिरे डेला सेराने नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच हुई ताज़ा बातचीत से वाकिफ़ दो सोर्स का हवाला देते हुए रिपोर्ट किया। हालांकि, डीजीसीए की ऑफिशियल रिपोर्ट जारी होने से पहले कुछ भी नतीजा निकालना जल्दबाज़ी होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, इंडियन इन्वेस्टिगेटर्स इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि 12 जून, 2025 को इंजन में फ्यूल कट-ऑफ के बाद हुआ क्रैश किसी मैकेनिकल खराबी की वजह से नहीं, बल्कि जानबूझकर की गई एक्टिविटी की वजह से हुआ था। अधिकारी अब अपनी फ़ाइनल रिपोर्ट का ड्राफ़्ट बनाने की तैयारी कर रहे हैं। अख़बार ने आगे कहा कि जांच में मदद कर रहे यूएस एक्सपर्ट्स ने इन नतीजों को 'एक बड़ी कामयाबी' बताया है।

■ 12 जून, 2025 को इंजन में फ्यूल कट-ऑफ के बाद हुआ था क्रैश

**'तुमने क्यों बंद किया?':** एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर, अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ा और कुछ सेकंड बाद ही क्रैश हो गया था। इस हादसे में कुल 260 लोग मारे गए, जिनमें पैसेंजर और मेडिकल स्टूडेंट्स के हॉस्टल के अंदर मौजूद लोग शामिल थे, जिस पर एयरक्राफ्ट गिरा था। इस हादसे में सिर्फ एक पैसेंजर की जान बच पाई थी। जुलाई 2025 में भारत के एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की तरफ से जारी एक शुरुआती रिपोर्ट में एक पायलट के फ्यूल कंट्रोल बंद करने के बारे में आखिरी कॉकपिट बातचीत का ज़िक्र किया गया था। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग में, एक पायलट को यह पूछते हुए सुना गया, 'तुमने (फ्यूल) क्यों बंद किया?' दूसरे ने जवाब दिया, 'मैंने ऐसा नहीं किया।'



### 'ज़िम्मेदारी अभी साफ़ नहीं है'

नई रिपोर्ट में आगे लिखा गया, 'ज़िम्मेदारी अभी साफ़ नहीं है। मुख्य संदिग्ध कैप्टन सुमीत सभरवाल हैं, जिनके बारे में हादसे के बाद यह बात सामने आई कि वे डिप्रेशन से पीड़ित थे।' एएआईबी की शुरुआती जांच के बाद सभरवाल के पिता ने आरोपों को खारिज कर दिया, नई जांच की मांग की और अपने बेटे की मेंटल हेल्थ के बारे में अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि तलाक की खबरों सहित पर्सनल मुद्दों की वजह से उन्हें एंग्जायटी या डिप्रेशन हुआ। कोरिएरे डेला सेरा के मुताबिक, फाइनल जांच रिपोर्ट में पायलटों के लगातार साइकोलॉजिकल इवैल्यूएशन और मेंटल हेल्थ मॉनिटरिंग पर सुझाव भी शामिल होने की उम्मीद है। क्रैश के कुछ हफ़्तों बाद, कई थ्योरी सामने आईं, जिनमें टेक्निकल खराबी से लेकर इंसानी गलती तक शामिल थीं।

# 'भारत नहीं लौटे तो भगोड़ा वाले मामले के खिलाफ सुनवाई नहीं'

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने कारोबारी विजय माल्या को दी कड़ी चेतावनी**

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कारोबारी विजय माल्या को कड़ी चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा कि जब तक माल्या भारत वापस नहीं लौटते, तब तक अदालत उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं करेगी। इस याचिका में उन्होंने भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के प्रावधानों को चुनौती दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति खुद को न्यायिक प्रक्रिया से दूर रखे हुए है, उसे अदालत से राहत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने कहा कि माल्या को पहले यह स्पष्ट करना होगा कि वह भारत लौटेंगे या नहीं। कोर्ट ने कहा कि आपको (माल्या) वापस आना होगा।..अगर आप वापस नहीं आ सकते तो हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकते।

## माल्या को पहले बताना होगा वह भारत लौटेंगे या नहीं

### माल्या की दो याचिकाएं

2016 से ब्रिटेन में रह रहे माल्या ने उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दायर की हैं, एक में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी गई है और दूसरी में 2018 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया गया है।

**18 फरवरी को होगी अगली सुनवाई :** पीठ ने याचिका पर आगे की सुनवाई के लिए 18 फरवरी की तारीख तय करते हुए कहा कि वह माल्या को यह स्पष्ट करने का एक और अवसर दे रही है कि क्या वह भारत लौटने के लिए तैयार है।



### शारीरिक उपस्थिति के बिना भी हो सकती है सुनवाई

माल्या की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अमित देसाई ने कहा कि ऐसे फैसले मौजूद हैं जिनसे पता चलता है कि याचिकाकर्ता की शारीरिक उपस्थिति के बिना भी ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई और फैसला किया जा सकता है।

### माल्या अदालत की प्रक्रिया से बच रहे हैं

अदालत ने कहा कि हमें यह दर्ज करना पड़ सकता है कि आप अदालत की प्रक्रिया से बच रहे हैं। आप कार्यवाही का लाभ नहीं उठा सकते। आपके साथ निष्पक्षता बरतते हुए, हम याचिका खारिज नहीं कर रहे हैं बल्कि आपको एक और अवसर दे रहे हैं।अदालत ने दिसंबर 2025 में पिछली सुनवाई में अपना रुख स्पष्ट कर दिया था कि वह याचिका पर तभी सुनवाई करेगी जब माल्या भारत लौट आएंगे और उसने उनके वकील से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा था।

### माल्या ने अधिनियम के प्रावधानों को दी चुनौती

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि माल्या ने एफईओ घोषित किए जाने के बाद एफईओ अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती दी है। मेहता ने दलील दी कि माल्या को पहले भारत आना चाहिए, उसके बाद ही यह तय किया जा सकता है कि वे भुगतान के लिए जिम्मेदार हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि माल्या पहले भारत आएं, फिर देखा जाएगा कि वे देनदार हैं या नहीं। वे देश के कानून पर अविश्वास नहीं जता सकते। सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि लंदन में प्रत्यर्पण के खिलाफ माल्या द्वारा शुरू की गई कार्यवाही अंतिम चरण में है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि प्रत्यर्पण पास आता देख माल्या ने भारत में अपने 'भगोड़ा आर्थिक अपराधी' घोषित किए जाने के आदेश को चुनौती दी है।

### माल्या के ऊपर कौन-कौन से आरोप?

*वहीं, माल्या की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने कहा कि कारोबारी की भारत स्थित संपत्तियां पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा अटैच की जा चुकी हैं। गौरतलब है कि जनवरी 2019 में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने माल्या को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया था। उन पर कई बैंकों के ऋण चूक और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। माल्या मार्च 2016 में भारत छोड़कर चले गए थे।*

# राजपाल को नहीं मिली जमानत, अब 4 दिन रहना होगा जेल में

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव ने चेक बाउंस मामले में गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेल में सरेंडर किया था। आज उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई, लेकिन कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से मना कर दिया और कहा, आप जेल इसलिए गए क्योंकि आपने अपना वादा पूरा नहीं किया। अब इस मामले में अगली सुनवाई सोमवार को होगी। अदलात ने साफ शब्दों में कहा कि 'आप जेल इसलिए गए, क्योंकि आपने अपना वादा पूरा नहीं किया।' कुल मिलाकर, फलिहाल राजपाल यादव को चार रातें और तिहाड़ जेल में बितानी होंगी।

### सजा को रद्द करने की मांग क्यों?

दिल्ली हाईकोर्ट ने राजपाल यादव से पूछा कि वे सजा को रद्द करने की मांग क्यों कर रहे हैं। उन्होंने खुद माना था कि उन्होंने पैसा उधार लिया था और उसे लौटाने का वादा किया था। ऐसे में अब सजा पर रोक लगाने की मांग किस आधार पर की जा रही है? अदालत ने यादव को फटकार लगाई और कहा कि समझ नहीं आता यह बहस क्यों हो रही है। आपने याचिका दाखिल की थी और कहा था कि पैसा लौटाएंगे।

## रुपया 17 पैसे बढ़कर 90.61 प्रति डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** विदेशी कोषों के निवेश से निवेशकों का उत्साह बढ़ने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे बढ़कर 90.61 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 90.55 पर खुला, और कारोबार के दौरान 90.40 के दिन के उच्चतम स्तर तक गया और 90.65 के निचले स्तर तक आया। बृहस्पतिवार को कारोबारी सत्र के अंत में, रुपया 90.61 पर था, जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की मजबूती है।

**यूको बैंक UCO BANK** (सम्मान आपके विश्वास का / Honours Your Trust)
यूको बैंक : अंचल कार्यालय
पता : छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर, तेलीबांधा, रायपुर फोन नं. 0771-4233116, 4233115, ईमेल: zoraipur.gad@uco.bank.in

**कार्यालय / शाखा परिसर की आवश्यकता**

बैंक 1000-1200 वर्गफुट क्षेत्रफल वाला परिसर किराए पर लेना चाहता है, अधिमानतः भूतल पर, किसी प्रमुख स्थान पर परिसर की आवश्यकता निम्नलिखित केंद्रों में है :

| क्र. | शाखा / कार्यालय | पसंदीदा स्थान | जिला | कारपेट एरिया (वर्गफीट) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बलरामपुर | बलरामपुर- शहर (बाजार क्षेत्र) | बलरामपुर | 1000 से 1200 वर्गफीट |
| 2 | खैरागढ़ | खैरागढ़ शहर (बाजार क्षेत्र) | खैरागढ़ | 1000 से 1200 वर्गफीट |
| 3 | मनेन्द्रगढ़ | मनेन्द्रगढ़ - शहर (बाजार क्षेत्र) | मनेन्द्रगढ़ | 1000 से 1200 वर्गफीट |
| 4 | मोहला | मोहला शहर (बाजार क्षेत्र) | मोहला मानपुर | 1000 से 1200 वर्गफीट |
| 5 | सारंगढ़ | सारंगढ़ - शहर (बाजार क्षेत्र) | सारंगढ़ | 1000 से 1200 वर्गफीट |

विवरण यूको बैंक अंचल कार्यालय, छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर, प्रथम तल, तेलीबांधा, रायपुर, प्रथम तल, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)-492006, दूरभाष :- 9090212938 से प्राप्त कर सकते हैं या हमारे बैंक की वेबसाइट www.uco.bank.in से डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित प्रारुप में सीलबंद लिफाफे में आवेदन की अंतिम तिथि **28.02.2026** शाम 5.00 बजे तक है।

दिनांक : 12.02.2026
स्थान : रायपुर
अंचल प्रमुख, रायपुर

# यूएन का बड़ा खुलासा, दिल्ली में लाल किले पर हमले के पीछे जैश-ए-मोहम्मद का हाथ!

नई दिल्ली। यूएन की एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए हमले में बड़ा खुलासा किया है। अपनी 37वीं रिपोर्ट में टीम ने ये साफ किया है कि इस हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हाथ था। ये रिपोर्ट यूएन सुरक्षा परिषद की 1267 सैंक्शंस कमेटी के लिए तैयार की गई है, जो आईएसआईएल, अल-कायदा और उनसे जुड़े संगठनों पर नजर रखती है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सदस्य देश ने यूएन पैनल को जानकारी दी कि जैश-ए-मोहम्मद ने कई हमलों की जिम्मेदारी ली थी। इनमें 10 नवंबर को नई दिल्ली के लाल किले के पास हुआ हमला भी शामिल है, जिसमें 15 लोगों की मौत हुई थी।

### सदस्य देशों में मतभेद

रिपोर्ट में अलग-अलग देशों के अलग आकलन भी सामने आए हैं। एक देश ने कहा कि जैश अब भी सक्रिय है और हमलों की जिम्मेदारी ले रहा है। जबकि एक दूसरे देश ने जैश को 'निष्क्रिय' यानी खत्म हो चुका संगठन बताया है। बता दें कि पाकिस्तान पहले भी कह चुका है कि जैश और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों पर बैन के बाद वो अब सक्रिय नहीं हैं। इस रिपोर्ट में 28 जुलाई 2025 का भी जिक्र है, जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले में शामिल तीन संदिग्ध मारे गए थे। अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 नागरिकों की जान गई थी। ये हमला द रेजिस्टेंस फ्रंट ने किया था, जिसे लश्कर-ए-तैयबा का प्रॉक्सी माना जाता है। इसके बाद मई में भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**SYSTEM TENDER NO: 185411 NIT NO: 890 DATED : 11/02/2026**

Online bids are invited for the following works up to Date **05/03/2026** at **17:30** hours.

Name of Work Description of Item : **न.नि. रायपुर क्षेत्रांतर्गत मोवा से दलदल सिवनी तक प्रकाश व्यवस्था कार्य।**

Probable Amount of Contract : Rs. **70.48** Lakhs

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **11/02/2026, 17:30** Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Note:- **1.** All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. (http://eproc.cgstate.gov.in)

**2.** Contractorcan contact help desk for any clarification of their doubts regarding the process of electronicprocurement system. help desk at Chhattisgarh infotech promotion society (CHIPS). 3rd Floor, state data center building opp. new circuit house civilines, Raipur-492001, Chhattisgarh or through Email id helpdesk eproc@Cgswan.gov.in Phone No. 18004199140

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देंवें।

**Zone Commissioner**
**ZONE - 9**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

**न्यायालय तहसीलदार महासमुन्द जिला महासमुन्द (छ.ग.)**
**// उपस्थिति हेतु सूचना //**
रा.मा.क्र 202510120600019 ब-121 वर्ष 2025-26
ग्राम- अमावश प.ह.नं.54 तह.व जिला-महासमुंद
पक्षकार :- शालिनी पिंजानी पति विजय पिंजानी
विरूद्ध
लक्ष्य ग्लोबल लौजिस्टिक्स प्रा. लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर रितेश अग्रवाल
प्रति,
लक्ष्य ग्लोबल लौजिस्टिक्स प्रा. लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर रितेश अग्रवाल पिता राजेन्द्र अग्रवाल निवासी 118 सोनावाला लेन गोरेगांव मुम्बई महाराष्ट्र

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका शालिनी पिंजानी पति विजय पिंजानी द्वारा अधिकार ग्रहिता विजय पिंजानी पिता चंद्रपाल पिंजानी निवासी डी-2 अशोका पार्क शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम अमावश प.ह.नं. 54 रा.नि.मं. तुमगांव में आवेदिका ने विक्रेता लक्ष्य ग्लोबल लॉजिस्टिक प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर रितेश अग्रवाल पिता राजेश अग्रवाल निवासी गोरे गांव मुम्बई से उसकी भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 495/1 का रकबा 0.170 हे. भूमि को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से दिनांक 30/03/2016 को क्रय किया था उक्त खसरा नंबर 495/1 का रकबा 0.170 हे. के स्थान पर रकबा 0.184 हे. किया गया है, खसरा नंबर 495/1 रकबा 0.170 हे. के स्थान पर रोस्टर के आधार पर खसरा नंबर 495/1 रकबा 0.184 हे. किया गया है। खसरा पांचसाला में किसी भी सक्षम प्राधिकारी के आदेश का उल्लेख न होने के कारण सर्च रिपोर्ट में इस संबंध में विवादित मान्य करते हुए आवेदिका को हस्तांतरण में कठिनाई हो रही है। धारा 32 छ.ग.भू.रा.सं. के अंतर्गत शक्ति प्राप्त है कि न्यायहित में अंर्तभूत शक्ति का प्रयोग करते हुए पक्षकार को राहत पहुंचाई जाये। पश्चातवर्ती गिरदावली के आधार पर किया गया रकबा 0.184 हे मान्य है इसलिए इस संबंध में उचित एवं विधि सम्मत अंगर्भूत शक्ति के अंतर्गत आदेश पारित कर सकते है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है । इस न्यायालय में उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 26/02/2026 नियत है, जिसमें आप अपना पक्ष रखने के लिए स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार महासमुंद जिला महासमुंद में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। उक्त तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 11/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
महासमुन्द (छ.ग.)

## मजबूत हाजिर मांग से तांबा की वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के बीच वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को तांबा की कीमत 60 पैसे की तेजी के साथ 1,276 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर ताांबा के मार्च माह में आपूर्ति वाले तांबा के अनुबंधों की कीमत 60 पैसे यानी 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,276 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई जिसमें 959 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से मुख्यतः वायदा कारोबार में तांबा कीमतों में तेजी आई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ.ग.)**
Email: npmandirhasaud@gmail.com

क्रमांक/544/न.पा.परि/लो.नि.वि./ 2025-26 मंदिर हसौद दिनांक 12.02.2026

**मैनुअल पद्धति निविदा आंमत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र डाक से प्राप्त होने की अंतिम तिथि 09.03.2026

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 04 में समय लाल बघेल के घर से जितेन्द्र बंजारे के घर तक आर. सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 8.57 |
| 2 | वार्ड क्रमांक 04 में दुखित के घर से नहर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 8.23 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://uad.cg.gov.in से भी देखी जा सकती हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मंदिर हसौद**

**छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर**
मुख्यालय 'सहकार भवन', प्लॉट नं.-74, सेक्टर-24, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) 492002
Website : www.cgapexbank.com | Email : cg.apexbank.ho@gmail.com

छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रं. 10547 दिनांक : 12.02.2026

**छ.ग. राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) में सीधी भर्ती के 04 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दस्तावेजों के सत्यापन तिथि की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 2167 दिनांक 15.09.2023 के आधार पर छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक-(2) (आई.टी./ प्रोग्रामर), कनिष्ठ प्रबंधक- (2) (कन्सट्रक्शन / मेन्टेनेन्स), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (आई.टी. विशेषज्ञ) तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं अंबिकापुर में उप प्रबंधक (उप यंत्री), उप प्रबंधक (प्रोग्रामर) एवं सहायक प्रबंधक (सहायक प्रोग्रामर) के पद पर सीधी भर्ती के कुल 23 रिक्त पदों भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा दिनांक 07.09.2025 को आयोजित किया गया। उक्त भर्ती परीक्षा का परिणाम छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा दिनांक 02.02.2026 को घोषित किया गया है। ऐसे अभ्यर्थी जो भाग-1 परीक्षा में न्यूनतम 50% अंक या उससे अधिक अंक अर्जित किये हैं, उन्हें पात्र मानते हुए उनके द्वारा लिखित परीक्षा (भाग-2 एवं भाग-3) में प्राप्त कुल अंकों की मेरिट सूची का प्रकाशन, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर के वेबसाईट https://vyapam.cgstate.gov.in पर किया गया है।

उक्त मेरिट सूची के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक-(2) (आई. टी./ प्रोग्रामर), कनिष्ठ प्रबंधक-(2) (कन्सट्रक्शन / मेन्टेनेन्स), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ) एवं कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (आई.टी. विशेषज्ञ) के पात्र अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 25.02.2026 को रखा गया है। दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत अंतिम रूप से पात्र पाये गये अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा, जिसकी तिथि पृथक से घोषित कर सूचित की जायेगी।

दस्तावेजों के सत्यापन हेतु तिथि, स्थान एवं अन्य आवश्यक निर्देश, छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर की वेबसाईट www.cgapexbank.com पर उपलब्ध होंगे।

प्रबंध संचालक
छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD. NO. D.L.-33004/99

सत्यमेव जयते

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ.-10022026-270007
CG-DL-E-10022026-270007

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 612] नई दिल्ली, शुक्रवार, फरवरी 6, 2026/माघ 17, 1947
No. 612] NEW DELHI, FRIDAY, FEBRUARY 6, 2026/MAGHA 17, 1947

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 6 फरवरी, 2026**

का.आ. 642 (अ).- केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले के गाँव-सेंदरी, गतौरी, तालुक-बिलासपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 111 (नया रा.रा.130) के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 53.300 तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा ।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् सक्षम प्राधिकारी (भू-अर्जन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर (छ.ग.) को लिखित रुप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रुप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा ।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा । इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है ।

अनुसूची

**छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले के गाँव-सेंदरी, गतौरी, तालुक-बिलासपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 111 (नया रा.रा.130) के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 53.300 लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण ।**

916 GI/2026

जिला : बिलासपुर
https://egazette.gov.in
प्रकाशन की तिथि: 6th February 2026
https://bhoomirashi.gov.in//

फाइल नंबर : NHAI/LA/14012/01/Notif.-C.G./Bilaspur/3A
शेख अमीन खान, निदेशक

नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सक्षम प्राधिकारी (भू-अर्जन)/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि स्वामी वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं ।

## चिंतन

# लोकतांत्रिक सरकार संबंध सुधारने पर दे सकती है जोर

बांग्लादेश में संपन्न हुए 13वें संसदीय चुनाव केवल एक राजनीतिक प्रक्रिया भर नहीं हैं, बल्कि ये दक्षिण एशिया की कूटनीतिक दिशा तय करने वाले महत्वपूर्ण पड़ाव भी हैं। चुनाव परिणामों को लेकर भले ही विभिन्न दलों और पर्यवेक्षकों के बीच मतभेद हों और उनकी विश्वसनीयता पर प्रश्न उठ रहे हों, लेकिन यह निर्विवाद है कि ढाका की सत्ता में बैठने वाली नई सरकार का रुख भारत के लिए महत्वपूर्ण होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच 4000 किलोमीटर से अधिक लंबी साझा सीमा है, जो दोनों देशों को सुरक्षा, व्यापार, सांस्कृतिक संपर्क और रणनीतिक दृष्टि से गहराई से जोड़ती है। ऐसे में बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिरता और उसकी विदेश नीति का स्वरूप भारत के राष्ट्रीय हितों से सीधे जुड़ा हुआ है। चुनाव से पहले आवामी लीग और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) दोनों ने पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों की बात कही थी। यह संकेत आशावादी है। यदि लोकतांत्रिक ढंग से गठित नई सरकार क्षेत्रीय सहयोग और संतुलन की नीति अपनाती है, तो हाल के वर्षों में आई कूटनीतिक दूरी कम हो सकती है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के कार्यकाल में चीन और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकियों तथा भारत के साथ रिश्तों में आई ठंडक ने नई दिल्ली की चिंता बढ़ाई थी। ऐसे माहौल में लोकतांत्रिक जनादेश से बनी सरकार यदि संतुलित विदेश नीति अपनाती है, तो यह दोनों देशों के लिए राहत की बात होगी। यह भी ध्यान रखना होगा कि बांग्लादेश में चीन की आर्थिक उपस्थिति लगातार बढ़ी है। बुनियादी ढांचे, बंदरगाह, ऊर्जा और निवेश के क्षेत्र में चीन की सक्रियता ने ढाका को नए विकल्प दिए हैं। पाकिस्तान के साथ भी ऐतिहासिक और राजनीतिक समीकरण समय-समय पर चर्चा में आते रहे हैं। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए चुनौती यह है कि वह प्रतिस्पर्धा के बजाय विश्वास और विकास साझेदारी के माध्यम से संबंधों को मजबूत करे। भारत को बांग्लादेश के आर्थिक विकास, कनेक्टिविटी परियोजनाओं और जन-जन के संपर्क को प्राथमिकता देकर रिश्तों को स्थायी आधार देना होगा। भारत की ओर से आई आधिकारिक प्रतिक्रिया परिपक्व और संतुलित रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि पहले चुनाव परिणामों का इंतजार किया जाएगा और उसके बाद जनादेश की प्रकृति को देखते हुए आगे की रणनीति तय होगी। यह बयान केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि इस बात का संकेत है कि भारत पड़ोसी देशों में स्थिर और लोकतांत्रिक शासन को अपने हितों के अनुरूप मानता है। भारत और बांग्लादेश के रिश्ते केवल रणनीतिक समीकरण नहीं हैं, वे साझा इतिहास, संस्कृति और भावनात्मक जुड़ाव पर आधारित हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की भूमिका ने दोनों देशों के बीच विश्वास की मजबूत नींव रखी थी। हाल के वर्षों में व्यापार, ऊर्जा सहयोग, सीमा प्रबंधन, रेल और जलमार्ग संपर्क जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इन उपलब्धियों को राजनीतिक उतार-चढ़ाव का शिकार नहीं बनने देना चाहिए। नई लोकतांत्रिक सरकार के सामने चुनौती होगी कि वह घरेलू राजनीतिक स्थिरता कायम रखते हुए संतुलित और व्यावहारिक विदेश नीति अपनाए। भारत को भी चाहिए कि वह बड़े भाई की छवि से आगे बढ़कर समानता और सम्मान के आधार पर संबंधों को विकसित करे। लोकतंत्र की मजबूती और पड़ोसी सहयोग ही क्षेत्र को स्थिर और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।



## मुद्दा
महेन्द्र तिवारी


# विवाद की जड़ बनी अप्रकाशित आत्मकथा

**दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है, जो अभी प्रकाशित भी नहीं हुई और व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है, जो अभी औपचारिक रूप से प्रकाशित भी नहीं हुई और फिर भी व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। पूर्व थलसेना प्रमुख नरवणे द्वारा लिखी गई इस पुस्तक की डिजिटल प्रति अचानक विभिन्न संदेश माध्यमों और सामाजिक मंचों पर फैल गई। देखते ही देखते यह रचना केवल सैन्य इतिहास की किताब न रहकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गई।

प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। यह आत्मकथा चार दशकों से अधिक लंबे सैन्य जीवन का विवरण देती है। एक युवा अधिकारी के रूप में सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती से लेकर देश की थलसेना के सर्वोच्च पद तक की यात्रा इसमें दर्ज है। इसमें पूर्वी सीमा पर हुए टकराव, पश्चिमी मोर्चे पर तनाव, पड़ोसी देशों के साथ संघर्षविराम और एक भीषण वैश्विक महामारी के दौरान सेना की भूमिका जैसे प्रसंग शामिल हैं। ऐसे समय में जब देश का सैन्य इतिहास अक्सर आधिकारिक वक्तव्यों और संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित रह जाता है, यह पुस्तक घटनाओं के भीतर झांकने का अवसर देती है। शायद यही कारण है कि इसकी प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। प्रकाशन की प्रक्रिया सामान्य नहीं रही। पुस्तक के प्रकाशन की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, अग्रिम आदेश भी लिए गए, परंतु अचानक सब कुछ रोक दिया गया। पाठकों को धन वापस कर दिया गया और कहा गया कि आवश्यक स्वीकृतियां लंबित हैं। पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा लिखी जाने वाली स्मृतियों के लिए रक्षा मंत्रालय की पूर्व अनुमति आवश्यक होती है, यह कोई नई बात नहीं है। परंतु जब सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त आंकड़ों से यह सामने आया कि उसी अवधि में दर्जनों अन्य पुस्तकों को अनुमति मिल चुकी है और केवल यही एक रचना अटकी हुई है, तो संदेह स्वाभाविक हो जाता है। लेखक स्वयं कई अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्होंने अपना कार्य पूरा कर दिया था और उसे प्रकाशक को सौंप दिया था।

अनुमति प्राप्त करना उनका दायित्व नहीं था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पुस्तक की सामग्री उनकी अपनी लिखी हुई है और उसमें किसी प्रकार की असत्य जानकारी नहीं है। यही नहीं, पुस्तक के मसौदे को पहले ही कई वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों और पूर्व अधिकारियों ने पढ़ा था और उसकी सराहना भी की थी। इन प्रतिक्रियाओं से यह संकेत मिलता है कि सामग्री न तो मनगढ़ंत है और न ही हल्की। इसके बावजूद पुस्तक पर चुप्पी बनी रही। इस बीच कुछ समाचार माध्यमों ने इसके अंशों के आधार पर लेख प्रकाशित किए। उन लेखों में सीमा पर हुए संकटों के दौरान लिए गए राजनीतिक और सैन्य निर्णयों का उल्लेख था। संसद में जब इन संदर्भों का उपयोग करने की कोशिश की गई तो भारी हंगामा हुआ और चर्चा रोक दी गई। इसके तुरंत बाद वही डिजिटल प्रति, जिसे अब तक केवल सीमित लोगों ने देखा था, व्यापक रूप से फैलने लगी। यह एक अजीब स्थिति थी, जिसमें एक पुस्तक आधिकारिक




रूप से अस्तित्वहीन मानी जा रही थी, परंतु वास्तविकता में हजारों पाठकों तक पहुंच चुकी थी। अब जांच का केंद्र यह है कि इस अनधिकृत प्रसार के लिए कौन जिम्मेदार है। कानून की दृष्टि से यह कॉपीराइट का उल्लंघन हो सकता है, क्योंकि अप्रकाशित सामग्री को बिना अनुमति साझा किया गया। यदि यह माना जाए कि पुस्तक में संवेदनशील सैन्य जानकारियां हैं, तो उस पर गोपनीयता से जुड़े कानून भी लागू हो सकते हैं। यहां एक गहरा प्रश्न छिपा है। क्या जांच का उद्देश्य वास्तव में कानून का पालन कराना है या फिर उन तथ्यों को नियंत्रित करना है जो असुविधाजनक साबित हो सकते हैं। इस आत्मकथा में जिन घटनाओं का उल्लेख है, वे हाल के वर्षों की सबसे संवेदनशील राष्ट्रीय घटनाओं में से हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में हुई झड़पों में देश ने अपने जवान खोए, परंतु उन घटनाओं के बारे में आधिकारिक विवरण सीमित रहा। सरकार की ओर से एक विशेष प्रकार का आख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें दृढ़ता और सफलता पर जोर था।

यदि किसी पूर्व थलसेना प्रमुख की पुस्तक उस आख्यान से अलग तस्वीर पेश करती है, तो स्वाभाविक है कि वह राजनीतिक रूप से असहज कर सकती है। क्या असहजता ही किसी रचना को रोकने का पर्याप्त कारण हो सकती है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ केवल सामान्य नागरिकों तक सीमित नहीं है। जिन लोगों ने राज्य की सर्वोच्च जिम्मेदारियां निभाई हैं, उनका अनुभव और दृष्टिकोण भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा होना चाहिए। निश्चित रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा एक गंभीर विषय है और किसी भी प्रकार की जानकारी का प्रकाशन सावधानी से होना चाहिए, परंतु सुरक्षा और सेंसरशिप के बीच की रेखा बहुत महीन होती है।

जब सुरक्षा के नाम पर हर असुविधाजनक प्रश्न को दबाया जाने लगे, तब वह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा बन जाती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस मामले में न तो लेखक ने अपनी बात से पीछे हटने का प्रयास किया और न ही प्रकाशक ने यह कहा कि सामग्री गलत है। इसका अर्थ यह हुआ कि समस्या सामग्री में नहीं, बल्कि उसके सार्वजनिक होने में है। यही विरोधाभास इस पूरे विवाद को और गहरा बनाता है। डिजिटल युग में किसी रचना को पूरी तरह रोक पाना लगभग असंभव है। इस घटना ने यह भी दिखा दिया कि प्रतिबंध और देरी कभी-कभी विपरीत प्रभाव डालते हैं। जिस पुस्तक को कुछ कार्यालयी फाइलों में दबाकर रखा गया था, वह अब कहीं अधिक लोगों तक पहुंच चुकी है, वह भी बिना किसी आधिकारिक संदर्भ और विमर्श के। इससे गलत व्याख्याओं और अफवाहों की संभावना भी बढ़ जाती है। बेहतर यह होता कि पुस्तक को आवश्यक संपादन और स्पष्ट चेतावनियों के साथ प्रकाशित होने दिया जाता, ताकि पाठक उसे पूरे संदर्भ में समझ सकें। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।

यह प्रकरण केवल एक आत्मकथा का नहीं है। यह उस बड़े संघर्ष का प्रतीक है, जिसमें राज्य की शक्ति और नागरिक समाज की जिज्ञासा आमने-सामने खड़ी होती हैं। इतिहास बताता है कि सत्य को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। वह कभी दस्तावेज के रूप में, कभी स्मृति के रूप में और कभी डिजिटल प्रति के रूप में सामने आ ही जाता है। प्रश्न केवल यह है कि क्या हम उसे खुली बहस और परिपक्व संवाद के साथ स्वीकार करेंगे या डर और नियंत्रण के माध्यम से उसे और रहस्यमय बना देंगे। जनरल नरवणे की आत्मकथा आज भले ही औपचारिक रूप से प्रकाशित न हो, परंतु उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि कहानियां केवल अनुमति से नहीं, आवश्यकता से जीवित रहती हैं।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व रेडियो दिवस
बाल मुकुन्द ओझा



# मन की बात ने बढ़ाया रेडियो का मान-सम्मान

विश्व रेडियो दिवस प्रतिवर्ष 13 फरवरी को मनाया जाता है। कोई माने या न माने, मगर यह बिलकुल सच है कि भारत में अपनी पहचान खोते जा रहे रेडियो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम ने पुनर्जीवित कर नया जीवनदान दिया है। मोदी के लोकप्रिय शो 'मन की बात' ने रेडियो की लोकप्रियता बढ़ा दी है। एक वक्त था जब रेडियो पर यह आकाशवाणी है, ये शब्द सुनते ही बच्चे से बुजुर्ग तक रेडियो को घेर कर खड़े हो जाते थे। यह हर कोई जानता है कि रेडियो जनसंचार का एक सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए लाखों-करोड़ों लोगों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। भारत में अपनी पहचान खोते जा रहे रेडियो को अपने नवाचार कार्यक्रम के माध्यम से नयी पहचान और जीवनदान देने का श्रेय निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाता है।

आठवें दशक तक या यूं कहें कि दूरदर्शन के आगमन तक रेडियो ही शिक्षा, संचार और मनोरंजन के क्षेत्र की सिरमौर था। उस दौरान घर-घर में ही नहीं अपितु हर हाथ में रेडियो था और लोग इससे चिपके रहते थे। हर प्रकार की सूचना का संवाहक था रेडियो। 1980 के बाद संचार के आधुनिक साधनों के प्रादुर्भाव के साथ रेडियो का प्रभाव घटता गया। लोगों ने रेडियो के स्थान पर टीवी को अपनाना शुरू कर दिया। इसी बीच 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 'मन की बात' नामक एक क्रान्तिकारी कार्यक्रम शुरू हुआ। इसी नवाचार के साथ रेडियो का एक तरह से पुनर्जन्म हुआ। दूरदर्शन के प्रादुर्भाव से पूर्व यानि अस्सी के दशक तक रेडियो पर सुनाई देने वाली यह आवाज संचार के आधुनिक साधनों के बीच गायब सी हो गई थी। पहले भारतीय प्रसारण सेवा, फिर आल इंडिया रेडियो और इसके बाद आकाशवाणी के रूप में रेडियो अस्तित्व में रहा। दूरदर्शन के बढ़ते प्रभाव ने इसकी उपयोगिता पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया, रही सही कसर निजी चैनलों और मोबाइल ने पूरी कर दी। मगर हाल के वर्षों में जहां लोगों में रेडियो की चाह बढ़ी है, वहीं इसकी बिक्री भी तेज हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम ने रेडियो की लोकप्रियता बढ़ा दी है। कह सकते हैं कि इसे नया जीवन मिला है। यह सच है कि रेडियो की साख कमजोर हुई है, मगर आज भी यह अब भी देश में सबसे ज्यादा एरिया कवर करता है। ऑल इंडिया रेडियो की पहुंच देश की 99.20 प्रतिशत आबादी तक है। देश के 92.6 प्रतिशत भूभाग को यह कवर करता है। ऑल इंडिया रेडियो भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन संचालित सार्वजनिक क्षेत्र की रेडियो प्रसारण सेवा है। इस सेवा का नाम भारतीय प्रसारण सेवा रखा गया था। देश में रेडियो प्रसारण की शुरुआत मुंबई और कोलकाता में सन 1927 में दो निजी ट्रांसमीटरों से की गई। 1930 में इसका राष्ट्रीयकरण हुआ।



1957 में इसका नाम बदल कर आकाशवाणी रखा गया। सरकारी प्रसारण संस्थाओं को स्वायत्तता देने के इरादे से 23 नवंबर 1997 को प्रसार भारती का गठन किया गया, जो देश की एक सार्वजनिक प्रसारण संस्था है और इसमें मुख्य रूप से दूरदर्शन और आकाशवाणी को शामिल किया गया है। आकाशवाणी या रेडियो को हिंदी भाषा को जन-जन तक पहुंचाने का श्रेय दिया जा सकता है। आजादी से पूर्व आकाशवाणी अनेकता में एकता का सशक्त माध्यम थी। एक-दूसरे के पास इसी माध्यम से सारी जानकारी पहुंचती थी। आजादी के बाद प्रगति और विकास का एक मात्र सजीव माध्यम बना आकाशवाणी। बड़े-बड़े नेता और महत्वपूर्ण व्यक्ति अपनी बात आकाशवाणी के माध्यम से देशवासियों के समक्ष रखते थे। प्रसारण का एक मात्र साधन होने से देश में इसकी महत्ता और स्वीकार्यता थी। मगर धीरे-धीरे निजी क्षेत्र में प्रसारण माध्यम शुरू हुए। निजी चैनलों से चौबीसों घंटे समाचार और मनोरंजन की सामग्री प्रसारित होने लगी। फलस्वरूप लोगों ने आकाशवाणी से मुंह मोड़ लिया। इससे आकाशवाणी बहुत थोड़े क्षेत्रों में सिमट कर रह गया। मगर जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने इसकी सुध-बुध ली, तब से इसका महत्व एक बार फिर बढ़ा। विशेष रूप से प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम प्रसारित होना शुरू हुआ तब से एक बार फिर आकाशवाणी लोगों के सिर चढ़ गया। रेडियो अब फिर से आमजन व घरों तक पहुंचने लगा है।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# सत्य परमात्मा है, सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है



संकलित
**दर्शन**

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं।' राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, 'आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं?

# दुख से मुक्ति ही है असली जीत?



संकलित
**प्रेरणा**

हमारे जीवन में बहुत अव्यवस्था है। उसे ठीक किए बिना ध्यान का कुछ भी अर्थ नहीं। यदि आप यह सोचकर ध्यान में बैठ जाएं कि इससे व्यवस्था आ जाएगी, तो ऐसा नहीं हो सकता। पहले अपने दैनिक जीवन में सुव्यवस्था स्थापित करें, तब ध्यान की गहराइयों में उतरने का लाभ होगा। सब युद्ध की तैयारियों में लगे हुए हैं। इन तैयारियों से विश्व में कहीं-न-कहीं, किसी-न-किसी प्रकार का विस्फोट अवश्य होगा। हम एक-दूसरे के साथ शांतिपूर्वक कभी भी नहीं रह पाए हैं। शांति के बारे में हम बातें खूब करते हैं। सारे धर्मों ने शांति का ही संदेश दिया है, लेकिन इस धरती पर शांति कभी भी संभव नहीं हो पाई है। यह धरती, जिस पर हम सब रहते हैं, किसी एक देश की नहीं है। यह हम सबकी और हमारी धरती है। इस नफरत का संभवतः एक प्रमुख कारण यह है कि हमारे हृदय हिंसा से भरे हैं। हम कभी भी शत्रुता के भाव से, प्रतिशोध के भाव से मुक्त नहीं रहे। कभी भी अपने भय, दुख, घावों और प्रतिदिन के जीवन की पीड़ा से मुक्त नहीं हो पाए। हमें कभी शांति नहीं मिली। हम हमेशा परेशानियों में घिरे रहते हैं। यह सब हमारे जीवन का हिस्सा हैं। हमारे प्रतिदिन के दुखभोग का हिस्सा है। इस प्रेम विरहित दुखभोग से मुक्ति पाने के लिए मनुष्य ने कई रास्ते आजमाए हैं। उसने इसका दमन करके देख लिया। किसी श्रेष्ठतर तत्व से अपना तादात्म्य करके देख लिया। किसी आदर्श के लिए, किसी विश्वास के लिए, किसी आस्था के लिए अपने आपको समर्पित कर के देख लिया। फिर भी यह दुख कभी समाप्त नहीं होता। हम इसके अभ्यस्त हो चुके हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा मवेशियों की समस्या का हल जरूरी

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके सर्वत्र घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी अंजाम लेते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कैसे घूम रहे हैं आवारा मवेशी और कौन है इनका असली मालिक? साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार है।

*-सूरज कुमार, रायपुर*

## करंट अफेयर

# सिएटल ने भारतीय छात्रा की मौत के मामले में किया समझौता


अमेरिका के सिएटल शहर ने 2023 में एक पुलिस अधिकारी की तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से जान गंवाने वाली भारत की 23 वर्षीय स्नातकोत्तर छात्रा जाह्नवी कंदुला के परिवार के साथ 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर के समझौते पर सहमति जताई है। कंदुला को अधिकारी केविन डेव की गाड़ी ने उस समय टक्कर मारी थी, जब वह मादक पदार्थ संबंधी एक कॉल के बाद कार्रवाई के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटे की सीमा वाले क्षेत्र में 119 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जा रहे थे। उनकी गाड़ी की आपातकालीन लाइट जल रही थीं और चौराहों पर सायरन का इस्तेमाल भी किया जा रहा था। सिटी अटॉर्नी एरिका इवांस ने बुधवार को जारी बयान में कहा, जाह्नवी कंदुला की मौत हृदयविदारक है और शहर को उम्मीद है कि यह वित्तीय समझौता कंदुला परिवार को कुछ हद तक संतोष प्रदान करेगा। जाह्नवी कंदुला का जीवन महत्वपूर्ण था। यह उनके परिवार, मित्रों और हमारे समुदाय के लिए मायने रखता था।कंदुला सिएटल स्थित नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी परिसर में सूचना प्रणाली (इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स) में मास्टर डिग्री के लिए पढ़ाई कर रही थीं। कंदुला के परिवार के वकीलों ने तत्काल प्रतिक्रिया नहीं दी। दोनों पक्षों ने पिछले शुक्रवार को किंग काउंटी सुपीरियर कोर्ट में समझौते की सूचना दाखिल की।



## ऑफ बीट

# जीवित कोई भी जीव 'आदिम' नहीं, फिर भी ऐसी मान्यता क्यों

हम मनुष्य लंबे समय से स्वयं को विकास (इवोल्यूशन) की पराकाष्ठा मानते रहे हैं। अन्य प्रजातियों को अक्सर आदिम या प्राचीन कहा जाता है और उच्च एवं निम्न जीव जैसे शब्दों का उपयोग किया जाता है। मानव-केंद्रित इस दृष्टिकोण को 1866 में और बल मिला, जब जर्मन वैज्ञानिक अर्न्स्ट हैकेल ने जीवन-वृक्ष (ट्री ऑफ लाइफ) का एक प्रारंभिक चित्र बनाया, जिसमें मनुष्य को स्पष्ट रूप से शीर्ष पर दिखाया गया। इस चित्रण ने यह धारणा लोकप्रिय बनाई कि विकास का अंतिम लक्ष्य मनुष्य हैं। आधुनिक विकासवादी जीवविज्ञान इस सोच को नकारते हैं। उनके अनुसार विकास में कोई पदानुक्रम नहीं है। आज जीवित सभी प्रजातियां-चिंपैंजी से लेकर बैक्टीरिया तक-एक-दूसरे की संबंधी हैं, जिनकी विकास-रेखाएं समान रूप से लंबी हैं; वे किसी की पूर्वज या उत्तराधिकारी नहीं हैं। इसके बावजूद आदिम जैसी अवधारणाएं वैज्ञानिक पत्रिकाओं और विज्ञान पत्रकारिता में अब भी दिखाई देती हैं। मैंने अपनी नयी पुस्तक अंडरस्टैंडिंग द ट्री ऑफ लाइफ में लिखा है कि किसी भी वर्तमान प्रजाति को आदिम, प्राचीन या सरल कहना मूलतः भ्रामक है और विकास का इतिहास जटिल, गैर-पदानुक्रमित और परस्पर जुड़ा हुआ है। अंडे देने वाले स्तनधारी मोनोट्रीम कहलाते हैं।



## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



स्वराज, स्वदेशी व स्वावलंबन के प्रणेता महर्षि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना की और सामाजिक कुरीतियों के त्याग व स्त्री शिक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने 'सत्यार्थ प्रकाश' से वैदिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। स्वामी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### वन भूमि पर अतिक्रमण



जो लोग पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा हमें सौंपे गए संकट की भयावहता से अनभिज्ञ हैं, उनके लिए स्थिति को स्पष्ट करना आवश्यक है। 2,676 वर्ग किलोमीटर वन भूमि पर अतिक्रमण हो चुका है! इसे ठीक करने के लिए भाजपा काम कर रही है!

**-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### एक हाट में दो दुकान



बात ये नहीं है कि बवाल हुआ, बात ये है कि किसने होने दिया, कहीं ये मामला 'एक म्यान में दो तलवार' या 'एक हाट में दो दुकान' के झगड़े वाला तो नहीं है? अपने गृह-नगर में ही अपना विरोध देखकर उनको भी दुख हुआ, जो दूसरों के दुख दूर करने की बात करते हैं।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### बजट निराशाजनक



राजस्थान विस में पेश किया गया बजट न सिर्फ निराशाजनक है, बल्कि प्रदेश की जनता में भविष्य को लेकर चिंताएं पैदा करने वाला है। बजट में कोई घोषणा ऐसी नहीं है जिसे व्यापक जनहित में कहा जा सके।

**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प
प्रगतिशील युवा
विकसित छत्तीसगढ़
खेल प्रोत्साहन योजना लागू, ओलंपिक विजेताओं के लिए ₹1-3 करोड़ का पुरस्कार और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल ढांचे का विकास
सरकारी नौकरियों में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट, लगभग 32,000 पदों पर भर्ती
नवा रायपुर में क्रिकेट अकादमी की स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को 7.96 एकड़ भूमि आवंटित
160 आईटीआई को मॉडल संस्थान में बदलने हेतु ₹484 करोड़ स्वीकृत
राज्य में युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उद्यम क्रांति योजना
34 नगरीय निकायों में "नॉलेज बेस्ड सोसाइटी" हेतु लाइट हाउस निर्माण की पहल
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
सुशासन से समृद्धि की ओर
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./निर्माण/2025/499 दिनांक 29.01.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 18 पीपर मेन रोड से रामकुमारी घर तक एवं भवानी मंदिर से बाबु लाल के घर तक सड़क डामरीकरण कार्य। (अधोसरंचना मद) (प्रथम निविदा) | 90.00 | 18.02.2026 (T.No. 184545) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

## दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) 491001

DAU SHRI VASUDEV CHANDRAKAR KAMDHENU VISHWAVIDYALAYA DURG (CHHATTISGARH) 491001
Phone No. 0788-2623465, Email: registrar.cgkv@gov.in

No.Estt.4/2026/2116 Durg, Dated 11/02/2026

### CAVEAT NOTICE

That, vide advertisement dated 11/02/2026 applications have been invited from the interested candidates for filling up the posts of Assistant Professor, Associate Professor and Professor in various subjects of Veterinary Science & Animal Husbandry, Dairy Science and Food Technology and Fisheries for different Colleges, Polytechnics and Centres of Dau Shri Vasudev Chandrakar Kamdhenu Vishwavidyalaya, Durg. There is every apprehension that the aggrieved persons/proposed petitioners may approach this Hon'ble Court challenging the said advertisement dated 11/02/2026 and any of the procedures of the recruitment process, by way of preferring petitions and may pray for an interim order against the same as well. In the event of filing of such a petition, it would be imminent in the interest of justice to afford an opportunity of being heard to the Caveator/ Dau Shri Kamdhenu Vishwavidyalaya, Durg before passing any order whatsoever.

The address for notice to the caveator is being given herein below.
"Shashank Thakur
Advocate, High Court of Chhattisgarh,
HIG-1/45-B, Abhilasha Parisar
Tifra Bilaspur (CG.)"

S-46883 REGISTRAR

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला-जाजंगीर-चाम्पा (छ.ग.)

निविदा सूचना क्र. 68/व.ले.लि./2025-26 दि. 02.02.2026

### मैन्युअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्यूअल पद्धति से कार्य कराये जाने हेतु कार्यालयीन समय में निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 16.02.2026 (5:30 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि - 18.02.2026 (5:30 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि - 19.02.2026 (12:00 बजे तक)

| स. क्र. | समूह क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | 01 | निरीक्षण भवन खरौद के खिड़की, दरवाजा एवं छत्त का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य। | रू. 9.99 लाख |
| 02 | 02 | निरीक्षण भवन खरौद के बाथरूम, टायलेट, प्लास्टर एवं दिवाल का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य। | रू. 9.76 लाख |
| 03 | 03 | खिसोरा कॉलोनी के जी-5 व जी 7 टाईप क्वार्टर एवं उपसंभागीय कार्यालय-08 खिसोरा का मरम्मत कार्य। | रू. 9.05 लाख |
| 04 | 04 | अकलतरा शाखा नहर के अंतर्गत तरौद वितरक नहर, किरारी वितरक नहर, एवं लिलवाडी वितरक नहर में कुलावा (आउटलेट) फिक्सिंग कार्य। | रू. 9.96 लाख |
| 05 | 05 | चांपा शाखा नहर के अंतर्गत माईनर 1 के स्लूस गेट का निर्माण एवं लाईनिंग सुरक्षावॉल का निर्माण कार्य। | रू. 8.80 लाख |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण संबंधी जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) से प्राप्त की जा सकती है ।

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

जी-252606595/1

# वाणिज्य मंत्रालय अगले सप्ताह पेश कर सकता है निर्यात प्रोत्साहन मिशन के आठ घटक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्रालय 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन के आठ घटक अगले सप्ताह पेश कर सकता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल नवंबर में 45,000 करोड़ रुपये से अधिक के संयुक्त परिव्यय वाली दो योजनाओं निर्यात प्रोत्साहन मिशन (25,060 करोड़ रुपये) और ऋण गारंटी योजना (20,000 करोड़ रुपये) को मंजूरी दी थी।

निर्यात प्रोत्साहन मिशन (ईपीएम) दो एकीकृत उप-योजनाओं निर्यात प्रोत्साहन (वित्तीय सहायक) और निर्यात दिशा (गैर-वित्तीय सहायक) के माध्यम से संचालित होता है। यह मिलकर वित्तीय और गैर-वित्तीय सहायता से जुड़े पहलुओं पर काम करते हैं।

## दिसंबर 2025 में शुरू की गई थी योजना

सरकार ने दिसंबर 2025 में 4,531 करोड़ रुपये की अंतर्गत बाजार पहुंच सहायता (एमएएस) योजना शुरू की थी। सरकार ने जनवरी में 7,295 करोड़ रुपये का निर्यात सहायता पैकेज घोषित किया जिसमें 5,181 करोड़ रुपये की ब्याज सहायता योजना और 2,114 करोड़ रुपये का जमानत समर्थन शामिल है ताकि निर्यातकों की ऋण तक पहुंच बेहतर हो सके। ये सभी उपाय छह वर्षों (2025-31) की अवधि में लागू किए जाएंगे। यह गैर-वित्तीय सक्षमताओं पर केंद्रित है जो बाजार की तैयारी और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाती हैं।

# मजबूत मांग से एल्युमीनियम की वायदा कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में तेजी के रुख के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों को बढ़ाया जिससे वायदा कारोबार में एल्युमीनियम की कीमत बृहस्पतिवार को 75 पैसे की बढ़त के साथ 318.20 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अनुबंधों का भाव 75 पैसे यानी 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 318.20 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसमें 25 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग में तेजी से कारोबारियों ने अपने सौदों को बढ़ाया जिससे वायदा बाजार में एल्युमीनियम कीमतें बढ़ीं।

# आरसीएफ संयंत्र लगाने 865 करोड़ का करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड महाराष्ट्र में 'फॉस्फोरिक एसिड' संयंत्र लगाने के लिए 865 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। महाराष्ट्र के अलीबाग में थाई यूनिट में 300 टन प्रति दिन की प्रस्तावित क्षमता वाला एक नया 'फॉस्फोरिक एसिड' संयंत्र लगाने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इस संयंत्र को लगाने के लिए कुल 865.25 करोड़ रुपये का निवेश ज़रूरी है और इसे ऋण और इक्विटी के जरिये पूरा किया जाएगा।

## कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)
शांतिनगर, वार्ड क्र. 25, बस स्टैण्ड रोड, जगदलपुर

E-Mail - jagdalpurnagarnigam@yahoo.com, Website - nagarnigamjagdalpur.in, Phone No. - 07782-221055

### वीर सावरकर भवन / नेताजी सुभाषचन्द्र बोस तरणताल (स्वीगिंगपूल) सह लॉन का संचालन करने हेतु रूचि कि अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना पत्र

क्रमांक 3173 /नपानि / रा.शा. / 2026 जगदलपुर, दिनांक 11/02/2026

नगरपालिक निगम, जगदलपुर के अंतर्गत वीर सावरकर भवन / नेताजी सुभाषचन्द्र बोस तरणताल (स्वीमिंगपूल) सह लॉन का संचालन करने हेतु बंद लिफाफा पद्धति से किये जाने हेतु कोरा निविदा प्रपत्र, दिनांक 13-02-2026 से 10-03-2026. तक कार्यालयीन समय में कार्यालय के राजस्व शाखा में पहुँचकर प्राप्त किये जा सकतें है। मोहर बंद निविदाओं को दिनांक 13-03-2026 को अपरान्ह 4:00 बजे तक केवल स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से बंद लिफाफा पद्धति के आधार पर आमंत्रित है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि 13-03-2026 को शाम 5:00 बजे उपस्थित निविदादाता एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| स.क्र | निविदा कार्य का विवरण | सरकारी आफसेट दर | धरोहर राशि | संचालन की अवधि | निविदा फार्म की किमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वीर सावरकर भवन का संचालन | 18 लाख प्रति वर्ष | 180000.00 | 5 वर्ष | 5000.00 |
| 02 | नेताजी सुभाषचन्द्र बोस तरणताल (स्वीमिंगपूल) सह लॉन को मासिक किराया में संचालन हेतु | 75 हजार मासिक किराया | 5 लाख | 5 वर्ष | 5000.00 |

नोट :- अधिक जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर राजस्व / बाजार शाखा में तथा निगम के वेब साईट से प्राप्त कर सकते, है।

आयुक्त
नगरपालिक निगम जगदलपुर

सं. 46876

## Chhattisgarh Rural Roads Development Agency
VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)

### E-Procurement Tender Notice

NIT No. 1101//TC-T/CGRRDA/2025 Dated 11/02/2026

Chief Engineer, CGRRDA, Raipur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for Construction & Maintenance Road Under PMGSY-IV, sanctioned for districts of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors /Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

| S. No. | NIT No. | Work Name | Amount (Rs. In Lakhs) | Districts | Rate Invited |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1101 | Construction & Maintenance Road Under PMGSY-IV | Total Cost Rs 22023.92 Lakhs (Const. Cost 20903.05 Lakhs, Maint. Cost 1120.87lakhs.) (Excluding GST) | Bijapur, Dantewada, Bastar, Surjapur, Balrampur, Korea | Percentage Rate of PMGSYSOR 06.06.2025 issued by CE,CGRRDA Raipur |

**Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in from 13.02.2026 from 5:30 PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

Chief Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Civil Lines, Raipur (C.G.)
E-mail: pmgsyrc4@yahoo.co.in

S.- 46882

# छह ब्रोकरेज ने जनवरी में एनएसई पर जोड़े 3 लाख सक्रिय निवेशक, ग्रोव सबसे आगे

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष-10 ब्रोकरेज फर्मों में से 6 ने जनवरी में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर सक्रिय निवेशकों को जोड़ा है। ग्रोव ने अपने प्लेटफॉर्म पर 3.5 लाख निवेशक जोड़े हैं, जो 15 महीनों से अधिक समय में इसका सबसे बड़ा इजाफा है। जनवरी, 2026 के अंत में उसके एक्टिव निवेशकों की संख्या 1.25 करोड़ थी, जो इसके प्रतिस्पर्धियों की तुलना में लगभग दोगुनी है। एनएसई में इनकी कुल संख्या में केवल 3 लाख की वृद्धि हुई।

## भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED
(A Govt. of India Enterprise)

संख्या: BSNLCO-11/12(11)/1/2025-RECTT-CO-Part(1)
दिनांक:- 03.02.2026

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) दूरसंचार एवं वित्त संवर्ग में वरिष्ठ कार्यकारी प्रशिक्षु (सीनियर एग्जीक्यूटिव ट्रेनी) के पद हेतु प्रत्यक्ष भर्ती योजना के अंतर्गत खुले बाजार से प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है।

इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी एवं नवीनतम अपडेट के लिए बीएसएनएल की वेबसाइट www.bsnl.co.in पर जा सकते हैं।

CBC 06204/12/0002/2526 बीएसएनएल निगम कार्यालय, नई दिल्ली

## संचालनालय, आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान सेक्टर-24, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़
E-mail: trti.cg@nic.in, Website: www.cgtrti.gov.in.
Phone: 0771-2960530, Fax: 0771-2960531

क्र./टी.आर.आई / मेला महो/आ.प./108/2026/5830 नवा रायपुर, दि.11/02/26

//सूचना//

### आदि परब 2026 13-14 मार्च 2026

आदिम जाति विकास विभाग एवं आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में जनजातीय समाज की रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत और जीवन-दर्शन को संरक्षित और प्रदर्शित करने के उद्देश्य से दिनांक 13-14 मार्च 2026 को "आदि परब 2026" कार्यक्रम का आयोजन आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, नवा रायपुर अटल नगर में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय आयोजन में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के जनजातीय कलाकारों, शिल्पकारों, शोधकर्ताओं तथा जनजातीय समुदायों की सहभागिता अपेक्षित है। कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय कला, परंपराओं, हस्तशिल्प, लोकजीवन एवं सांस्कृतिक विविधता को एक साझा मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित प्रमुख गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार है:-

| कार्यक्रम का विवरण | |
|---|---|
| प्रथम दिवस (13 मार्च 2026) | सेमीनार<br>आदि रंग - राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय चित्रकला महोत्सव<br>आदि परिधान - राज्य स्तर पर जनजातीय अटायर शो<br>आदि हाट - शिल्पमेला |
| द्वितीय दिवस (14 मार्च 2026) | आदि रंग - राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय चित्रकला महोत्सव<br>आदि परिधान - राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय अटायर शो<br>आदि हाट - शिल्पमेला<br>सांस्कृतिक संध्या |
| संपर्क सूत्र | श्रीमती गायत्री नेताम (संयुक्त संचालक) - 9425546142<br>सुश्री पार्वती भगत, सहायक संचालक 7805982502 |
| ई-मेल | trti.cg@nic.in |

संचालक
आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

जी. 252606639/5

## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204,
वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक/2101/6214/2025/EXAM Part(5) नवा रायपुर, दिनांक 06/02/2026
DIS/354348/2026

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 के संबंध में दिव्यांगजनों हेतु महत्वपूर्ण सूचना

आयोग के विज्ञापन क्र. 06/2025/परीक्षा दिनांक 26.11.2025 के तहत राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 22.02.2026 (रविवार) को दो सत्रों में 33 जिलों क्रमशः सरगुजा (अम्बिकापुर), कोरिया (बैकुण्ठपुर), बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, दन्तेवाड़ा, बस्तर (जगदलपुर), जांजगीर-चांपा, जशपुर, कवर्धा, उत्तर बस्तर कांकेर, कोरबा, महासमुंद, रायपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, बलौदाबाजार-भाटापारा, बलरामपुर-रामानुजगंज, सूरजपुर, गरियाबंद, नारायणपुर, कोण्डागांव, बीजापुर, सुकमा, बेमेतरा, बालोद, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़ के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है।

02/ वर्तमान में जारी राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 में दिव्यांगजनों को सह-लेखक की सुविधा दिये जाने/अथवा रखे जाने की अनुमति दिये जाने संबंधी विस्तृत निर्देश उपरोक्त विज्ञापन क्रमांक 06/2025/परीक्षा दिनांक 26.11.2025 में जारी किये गये हैं। अतः ऐसे सभी दिव्यांग अभ्यर्थी जिनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं द्वारा सहलेखक की व्यवस्था करने का विकल्प का चयन किया गया है वे अभ्यर्थी सहलेखक के साथ सहलेखक रखे जाने की अनुमति लेने के संबंध में अथवा जिन्होंने जिला/संभाग कार्यालय से सहलेखक उपलब्ध कराने का विकल्प लिया है, वे सभी विज्ञापन में उल्लेखित समस्त प्रमाण पत्रों के साथ परीक्षा तिथि के 5 दिवस पूर्व आयोग द्वारा अधिकृत संबंधित जिला कलेक्टर कार्यालय से अनिवार्यतः संपर्क करें।

3/ अभ्यर्थी एवं उनके सहलेखक द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 में केल्क्यूलेटर का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। अभ्यर्थी एवं सहलेखक को अपने साथ डिजिटल डायरी, केल्क्यूलेटर, सेल्युलर फोन, पेजर और स्मार्ट वॉच लाना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

4/ परीक्षा परिसर में एवं भवन के अंदर वीक्षक व केन्द्राध्यक्ष द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों का पालन अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी केन्द्राध्यक्ष द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन नहीं करता है/अशिष्ट, उद्दण्ड आचरण करता है/ अनुचित/अशोभनीय या अश्लील व्यवहार करता है तो वह परीक्षा से निष्कासित किया जा सकेगा एवं उसकी परीक्षा निरस्त की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त परीक्षार्थी ऐसे दण्ड का भी भागी होगा, जो आयोग उचित समझे।

सचिव
छ.ग. लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर अटल नगर

जी. 252606623/2

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
E-mail - eemohla-phe@cg.gov.in

### ई-प्रोक्योरमेंट
### रिस्क एंड कास्ट

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "अ" में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/रेट्रोफिटिंग योजनांतर्गत जिला मोहला मानपुर अं.चौकी के विकासखंड मानपुर के विभिन्न ग्रामों में रिस्क एवं कास्ट में अधूरे छोड़े कार्य जिसमें UPVC/HDPE पाईप लाईन जोडने बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार के चारो ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एव स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSPDCL) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, संलग्न शेड्युल अनुसार) की निविदाए दिनांक 09.02.2026 से ऑन लाईन पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 16.02.2026 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 03.03.2026 (शाम 5:30 बजे) तक है।

**निविदा में जारी एस.ओ.आर. PHE दिनांक 01.06.2020 से लागू एवं संशोधन 05/2021.22 तक तथा PWD 2015 का दिनांक 07.04.2016 से लागू समस्त संशोधन सहित पर तैयार किया गया है।**

| क्र. | निविदा क्रमांक | सिस्टम क्रमांक | विकास खण्ड | योजना/ग्राम का नाम | निविदा की लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22 | 185300 | चौकी | कातुलवाही | 28.03 |
| 2 | 23 | 185301 | चौकी | पांगरी, खैरी, मांझीटोला | 52.82 |
| 3 | 24 | 185302 | चौकी | मुजाल, झिटिया, खड़खड़ी | 61.38 |
| 4 | 25 | 185303 | मोहला | बोदाल, जोबटोला, दनगढ़, कुम्हली | 111.39 |

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
मोहला मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

जी. 252606626/4

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)
दूरभाष 0788-2210876

दुर्ग, दिनांक 06.02.2026

### (ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 26.02.2026 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 337/185295 | शासकीय डॉ. वामन वासुदेव महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में गर्ल्स हॉस्टल का रिनोवेशन कार्य | 20.65 |
| 338/185296 | जिला न्यायालय बेमेतरा में पुरुष एवं महिला के लिए शौचालय निर्माण कार्य | 15.59 |
| 339/18597 | कवर्धा जिला कबीरधाम स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में मोटर साइकिल / कार स्टैण्ड, साइकिल स्टैंड का निर्माण, गर्ल्स हॉस्टल और मुख्य भवन के सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाना मुख्य भवन के पीछे तार फेसिंग गर्ल्स हॉस्टल और बाहरी हिस्से में पेवर ब्लॉक और बाहरी हिस्से में व्हाईट वांशिग, कलर वांशिग कार्य | 33.23 |
| 340/185298 | जिला बेमेतरा के पतोरा से नवागांव मार्ग लं. 0.875 कि.मी. का निर्माण कार्य | 86.34 |
| 341/185299 | शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में सीमेंटीकरण का कार्य | 13.82 |

टीप:- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http:// eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

जी. 252606643/4

# राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


# शब्द पहेली - 6137



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 6136 का हल**



# सूडोकु नवताल - 6147

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6146 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# पीएम सूर्य घर योजना में ज्यादा बिजली होने पर 2.60 रुपए प्रति यूनिट के मिलेंगे पैसे

## पॉवर कंपनी से मिलने वाली बिजली के दाम पांच रुपए और इससे ज्यादा, तीन किलोवाट में 360 यूनिट बिजली

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सोलर पैनल लगाने वालों का बिजली उत्पादन अगर ज्यादा होता है, तो उनकी बिजली छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी 2.60 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से खरीदेगी। इसका हिसाब साल में एक बार होगा और उपभोक्ता की ज्यादा बिजली होने पर उनको पैसा मिलेगा। जहां तक पॉवर कंपनी से मिलने वाली बिजली का सवाल है, तो सौ यूनिट की खपत करने पर करीब पांच रुपए यूनिट तक लग जाते हैं। ज्यादा खपत पर ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बिजली के उपभोक्ता सोलर पैनल लगाकर अपने घरों की छत पर बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार से सब्सिडी भी दी जा रही है। जहां तीन किलोवाट के लिए केंद्र सरकार से 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है, वहीं राज्य सरकार भी इसके लिए 30 हजार रुपए दे रही है। तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगाने की लागत करीब एक लाख 80 हजार तक आती है। ऐसे में उपभोक्ता को अपनी जेब से 70 से 72 हजार ही लगाने पड़ रहे हैं।

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि एक किलो वाट के सोलर पैनल में रोज करीब चार यूनिट बिजली बनती है। ऐसे में एक किलोवाट में 120 यूनिट बिजली मिल जाती है। तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगाने पर 360 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। आमतौर पर जिनकी जितनी खपत है उसके हिसाब से ही उपभोक्ता सोलर पैनल का चयन करते हैं। लेकिन पॉवर कंपनी ज्यादा बिजली को खरीद भी रही है तो ऐसे में उपभोक्ता खपत से ज्यादा बिजली का उत्पादन करने के लिए भी सोलर लगा रहे हैं।

### ज्यादा बिजली लेगी पॉवर कंपनी

अगर किसी उपभोक्ता की बिजली की खपत हर माह दो सौ यूनिट ही है और उसने तीन किलो वाट का सोलर पैनल लगाया है तो इसकी 12 से 15 सौ यूनिट की बिजली अगर साल भर में बचती है तो इसके पैसे पॉवर कंपनी देगी। लेकिन इसकी कीमत उपभोक्ता को महज 2.60 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से मिलेगी।

### पॉवर कंपनी की बिजली पांच रुपए

पॉवर कंपनी जो बिजली उपभोक्ताओं को देती है। वह पांच रुपए यूनिट से कम नहीं पड़ती है। पहले सौ यूनिट का टैरिफ भले 4.10 रुपए है। लेकिन इसमें जहां दस पैसे प्रति यूनिट सेस के लगते हैं। वहीं इसी के साथ इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी 11 फीसदी है। ऐसे में 4.10 रुपए पर 45 पैसे इसके लग जाते हैं। इसके अलावा प्रति किलो वाट पर 20 रुपए शुल्क है। ये सब मिलाकर 4.85 रुपए होते हैं। एफपीपीएएस शुल्क अलग से लगता है। यह कभी पांच फीसदी तो कभी दस फीसदी से ज्यादा हो जाता है। ऐसे में सौ यूनिट की खपत पर पांच रुपए से ज्यादा ही लगते हैं। सौ यूनिट से ज्यादा की खपत पर कीमत और बढ़ जाती है।

# भूपेश के 'ऑफर' पर केदार कश्यप का पलटवार, बोले- भाजपा को उनकी जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के भाजपा में शामिल होने के ऑफर वाले बयान पर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि न तो छत्तीसगढ़ को उनकी आवश्यकता है और न ही भाजपा को। कश्यप के मुताबिक, इस तरह के बयान केवल सुर्खियों में बने रहने के लिए दिए जाते हैं।

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत द्वारा पीडीएस दुकानों के खाली होने के आरोप पर कश्यप ने पलटवार करते हुए कहा, जिन पर खुद प्रदेश को नुकसान पहुंचाने और मामलों में फंसने के आरोप हैं, वही अब सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, जो लोग पहले जिम्मेदार थे, वही आज विपक्ष में बैठकर आरोप लगा रहे हैं। नक्सली कमांडर हिडमा को लेकर दिए गए कथित बयानों पर भी कश्यप ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का रुख हमेशा नक्सलियों के प्रति नरम रहा है। झीरम घाटी कांड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, यदि कांग्रेस नेताओं के पास सबूत हैं तो उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए।

## कांग्रेस का रुख हमेशा नक्सलियों के प्रति नरम रहा- कश्यप

### बीजापुर विधायक की सुरक्षा पर प्रतिक्रिया

बीजापुर विधायक की सुरक्षा को लेकर उठे सवालों पर मंत्री कश्यप ने कहा, किसी को भी क्षेत्र में जाने से नहीं रोका गया है। संबंधित विधायक अक्सर बिना सुरक्षा के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जाते रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा को लेकर सवाल उठाना उचित नहीं है। असम में कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी पर प्रतिक्रिया देते हुए कश्यप ने कहा, भाजपा नेता चुनाव प्रचार के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, उनके जाने का उद्देश्य क्या है, यह बाद में स्पष्ट होगा।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में विस्तार का दावा

बस्तर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मंत्री ने कहा, वर्तमान सरकार के कार्यकाल में तीन मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आंतरिक क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। युवा कांग्रेस की प्रस्तावित महापंचायत का स्वागत करते हुए कश्यप ने कहा, उम्मीद है कि कार्यक्रम में वास्तविक लोगों की भागीदारी होगी।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक/4131/स्वा.वि./न.पा.नि./2026 अम्बिकापुर, दिनांक 12/02/2026

**ई. प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर के स्वास्थ्य शाखा द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत न्यायालय परिसर के भीतर साफ–सफाई, कचरा उठाव व परिवहन कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा सिस्टम टेंडर नंबर 185468 के द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्ते, निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई. प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद चांपा जिला जांजगीर-चांपा

E-Mail ID-cmochampa@rediffmail.com, cmochampanp@gmail.com

क्रमांक / 3263 / लो.नि.वि./न.पा./2025-26 चांपा, दिनांक 12/02/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद चांपा के विभिन्न विभाग अंतर्गत कर्मचारी उपलब्ध कराये जाने हेतु ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर, नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड /सबमिट करने की अंतिम तिथि | Physical Doc Submission End Date | Online Bid Open Date (Scheduled) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 185501 | Selection placement agency for supply of labour of different categaories (High Skilled, Skilled, Semi-Skilled and Unskilled) For Municipal Council Champa. (Second Call) | 126.00 | दिनांक 07.03.2026 समय 17:30 P.M. | 09-03-2026 Time 15.30 pm | 10-03-2026 Time 11.00 am |

निविदा की विस्तृत जानकारी UAD Portal: http://uad.cg.gov.in एवं Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in में डाउनलोड/देखी जा सकती है।

इस निविदा एवं निर्माण / मरम्मत / विस्तार/अन्य कार्य के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सप्रमाणपत्र प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि मे आपत्ति प्राप्त नही होने पर नियमानुसार निर्माण कार्य कराया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, चांपा

homefirst We'll take you home

## Home First Finance Company India Limited

CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com Phone No.: 18003008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]**
**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं) एवं सह-ऋणधारक (ओं) के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जा की तिथि | संरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुति की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ओम प्रकाश केंवट, अघनिया बाई | ख.नं. 248/3 (भाग), सैदा म.नं. 06, प्लॉट नं. 13/1, प.ह.न. 41, शीट संख्या 14, अमसेना बिलासपुर, तहसील सकरी और जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व - निस्तारी रास्ता, पश्चिम - रामेश्वर सोनी का प्लॉट, उत्तर- विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - दिनेश तिवारी का प्लॉट। | 03-11-2025 | 7,49,181 | 06-01-2026 | 1,20,000 | 12,000 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 2. | राज यादव, संतोष कुमार यादव, सुशीला यादव | ख.नं. 37/62, मौजा सैदा म.नं. 07, प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. अमसेना, विकास खंड तखतपुर, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम - निस्तारी रास्ता, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 03-11-2025 | 10,94,648 | 06-01-2026 | 6,00,000 | 60,000 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 3. | दीपक तम्बोली, अनिता तम्बोली, | ख.नं. 47/5 का भाग प.ह.नं. 41, ग्राम सैदा म.नं.-06, राजस्व निरीक्षक अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495004 चौहद्दी: उत्तर -20 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण -संतोष दुबे की भूमि, पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम -राजकुमती की भूमि। | 03-11-2025 | 5,82,938 | 06-01-2026 | 1,32,600 | 13,260 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 4. | करण सिंह सिदार, शीला सिदार | प्लॉट-ख.नं.-89/2 (भाग), प.ह.नं.-24/43, रा.नि.मं.- सकरी, ब्लॉक-तखतपुर, तहसील-तखतपुर, ग्राम पंचायत घुरू, जिला-बिलासपुर, बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 03-10-2025 | 18,58,061 | 08-12-2025 | 5,40,000 | 54,000 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 5. | अर्जुन बघेल, द्रोपती बघेल | मकान-मौजा जयराम नगर, ख.नं. 117/9, फोन नंबर 27, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: उत्तर-सड़क, दक्षिण - विक्रेता की भूमि, पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - पूजा फार्टी की भूमि। | 03-10-2025 | 8,82,744 | 08-12-2025 | 5,22,000 | 52,200 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 6. | मुरारी साहू, सुशीला साहू, रूपेश साहू | प्लॉट-ख.नं.-248/32, प.ह.नं.- 41, मौजा सैदा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 03-10-2025 | 15,39,604 | 08-12-2025 | 2,02,500 | 20,250 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 7. | संतोष दिनकर, प्रतिमा बाई दिनकर | प्लॉट-ख.नं.-248/32 (भाग), प.ह.नं.- 41, मौजा सैदा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम - विक्रेता का प्लॉट, उत्तर -विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण -विक्रेता का प्लॉट। | 03-10-2025 | 14,29,119 | 08-12-2025 | 2,64,960 | 26,496 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 8. | बाल कृष्ण बंजारे, बबली बंजारे | प्लॉट-ख.नं. 102/7, मौजा छतौना, प.ह.नं.- 37, रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व-नहर, पश्चिम- सड़क, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण -विक्रेता का प्लॉट। | 03-10-2025 | 16,61,760 | 08-12-2025 | 6,12,150 | 61,215 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 9. | गणेश कुमार कैवर्त, राधा कैवर्त | प्लॉट-ख.नं. 47/3, मौजा-सैदा, प.ह.नं.- 24/41, रा.नि.मं. - सकरी, तहसील - सकरी, जिला - बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: उत्तर - दीपक सोनी की भूमि, दक्षिण - 20 फीट चौड़ी सड़क, पूर्व -शेष भूमि, पश्चिम - रामविल्स पोपचे की भूमि। | 03-10-2025 | 7,79,952 | 08-12-2025 | 1,74,900 | 17,490 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 10. | आदित्य साहू, अजय साहू | फ्लैट-ख.नं. संख्या 290/7 (भाग), प.ह.नं.- 45, मौजा सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: उत्तर -विक्रेता की 39.4 फीट शेष भूमि, दक्षिण - 43.11 फीट विक्रेता की बचत भूमि, पूर्व -कार्तिक यादव की 25.5 फीट भूमि, पश्चिम - 25 फीट चौड़ा रास्ता। | 03-09-2025 | 10,21,405 | 06-11-2025 | 5,20,500 | 52,050 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 11. | ललित कुमार कश्यप, नीमा कश्यप | प्लॉट-68/1 [भाग], मौजा मुंगेली, मौजा मुंगेली, प.ह.नं. 18, तहसील एवं जिला-मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़-495335 चौहद्दी: पूर्व - सरिता का प्लॉट, पश्चिम - विक्रेता का प्लॉट, उत्तर - प्रस्तावित सड़क, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 03-09-2025 | 6,36,541 | 06-11-2025 | 3,00,000 | 30,000 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 12. | भागवत प्रसाद सोनवानी, जलेश्वरी सोनवानी | फ्लैट-मौजा मेंड्रा, मौजा मेंड्रा, ख.नं. 701/ग प.ह.नं. 42, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छ.ग., बिलासपुर छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: उत्तर - विक्रेता की आवासीय भूमि, दक्षिण - जब्बार की भूमि, पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - सड़क। | 03-09-2025 | 9,95,038 | 06-11-2025 | 3,62,800 | 36,280 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 13. | जयनारायण सर्वे, किरण देवी सर्वे | प्लॉट-ख.नं. 147/4, फोन नंबर 41, मौजा मेंड्रा, रा.नि.मं. सकरी मौजा सैदा, तहसील सकरी एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। चौहद्दी: उत्तर -राजेश गोयल एवं कावेरी की भूमि, दक्षिण -विजय सूर्यवंशी की भूमि, पूर्व -विजय सूर्यवंशी एवं राजेश गोयल की भूमि, पश्चिम -विजय सूर्यवंशी की भूमि। | 03-08-2025 | 11,88,304 | 07-10-2025 | 2,60,000 | 26,000 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 14. | साहिल ग्रेयकर, गीता बाई | मकान-ख.नं. 147/4, प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. सकरी, मौजा सैदा, तहसील सकरी एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: उत्तर-विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व - सार्वजनिक मार्ग (निस्तारी रास्ता), पश्चिम - दुबे जी की भूमि। | 04-07-2025 | 13,53,106 | 06-09-2025 | 2,27,400 | 22,740 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 15. | वीरेंद्र कुमार मिश्रा, रोशनी मिश्रा | प्लॉट-ख.नं. 248/32, मौजा सैदा, प.ह.नं. 41, रा.नि.मं.अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम - निस्तारी रास्ता, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 04-07-2025 | 11,41,229 | 06-09-2025 | 2,34,960 | 23,496 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 16. | प्रताप वर्मा, कुमारी वर्मा | प्लॉट-68/1 [भाग], म.नं.-1, मौजा-मुंगेली, प.ह.नं. 18, तहसील एवं जिला-मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़-495335 चौहद्दी: पूर्व -विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम - विक्रेता का प्लॉट, उत्तर - प्रस्तावित सड़क, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 04-07-2025 | 8,26,466 | 06-09-2025 | 2,84,800 | 28,480 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 17. | अभय देवांगन, विजय देवांगन, कमला देवांगन | ख.नं. 2248/3, प.ह.नं. 41, मौजा सैदा म.नं.-06, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - प्रस्तावित सड़क, दक्षिण -विक्रेता की भूमि। | 03-06-2025 | 19,84,562 | 07-08-2025 | 3,20,320 | 32,032 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 18. | अलका यादव, रानी मसीह, | प.ह.नं. 41, ख.नं. 41/8 (भाग), मौजा सैदा ख.नं. 41/8, (भाग) प.ह.नं. 41, म.नं. 07, विकास खंड तखतपुर, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001। चौहद्दी: पूर्व- विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम - निस्तारी रास्ता, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण -विक्रेता का प्लॉट। | 03-06-2025 | 10,22,247 | 07-08-2025 | 4,50,000 | 45,000 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 19. | भजन सिंह देवजानी | ख नं.68/1 (भाग), प.ह.नं. 29, ख नं. 68 [भाग], प.ह. नं. 29, मौजा - मुंगेली, तहसील और जिला - मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़, 495334 चौहद्दी: पूर्व-श्याम बाई का प्लॉट, विक्रेता का प्लॉट, उत्तर-सड़क, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-06-2025 | 10,88,844 | 07-08-2025 | 5,10,800 | 51,080 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 20. | दिनेश कस्तूरिया, लता कस्तूरिया | ख.नं. 102/7, मौजा छतौना, ख.नं. 102/7, मौजा छतौना, प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. अमसेना, तह. सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व- नहर पश्चिम- सड़क, उत्तर- विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-06-2025 | 12,93,022 | 07-08-2025 | 6,12,150 | 61,215 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 21. | त्रिलोचन मानिकपुरी, श्वेता मानिकपुरी, महेश मानिकपुरी | ख.नं. 24/3, प.ह.नं. 44, मौजा हाफा, प.ह.नं. 44, रा.नि.मं.-सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व - निस्तारी रास्ता, पश्चिम - विक्रेता का प्लॉट, उत्तर -विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 03-06-2025 | 13,10,741 | 07-08-2025 | 5,00,000 | 50,000 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 22. | विजय कुमार, रेशमा बंजारे, | मकान - 248/3 भाग, मौजा सैदा, प.ह.नं. 41, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व - प्रस्तावित सड़क, पश्चिम - प्रस्तावित सड़क, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - प्रस्तावित सड़क। | 06-05-2025 | 14,92,676 | 07-07-2025 | 2,64,960 | 26,496 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 23. | आकाश गंधर्व, दिव्या भारती, | प्लॉट - 41/9, प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, तहसील सकरी व जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व -जोहर भारमल की भूमि पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 06-05-2025 | 9,63,344 | 07-07-2025 | 5,17,500 | 51,750 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 24. | राम प्रकाश विश्वकर्मा, मानवी विश्वकर्मा, पार्वती विश्वकर्मा, सौखीलाल विश्वकर्मा, | प्लॉट- ख.नं. 56/1, प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट, पूर्व - सड़क, पश्चिम - सड़क। | 06-05-2025 | 11,68,642 | 07-07-2025 | 2,50,000 | 25,000 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 25. | सुरेंद्र बंजारे, राधा बंजारे | मकान-ख.नं. 41/10, प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, मौजा सैदा, तहसील- सकरी बिलासपुर, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। चौहद्दी: उत्तर -विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व - जोहरमल की भूमि, पश्चिम - सड़क। | 03-02-2025 | 11,66,845 | 06-04-2025 | 5,17,500 | 51,750 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 26. | धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, पूजा ठाकुर | ख.नं. 559/1/एस/2 (भाग), डीएलएस कॉलेज के पास, मौजा- खमतराई, प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छत्तीसगढ़)। चौहद्दी: पूर्व-20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम-अग्रवाल एवं अन्य की भूमि, उत्तर-निस्तारी रोड, दक्षिण-खरीददार की भूमि। | 03-08-2024 | 21,06,042 | 10-10-2024 | 11,50,000 | 1,15,000 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 27. | रोशन निषाद, नर्बदा केवट | ख नं 248/3, प.ह.नं.41, सकरी मौजा सैदा, तहसील सकरी जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम-विक्रेता की भूमि, उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 03-08-2024 | 13,91,831 | 10-10-2024 | 2,64,000 | 26,400 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 28. | करण सारथी-आरती सारथी, | प्लॉट-37/10, प.ह.नं. 42, मौजा मेंड्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 | 05-05-2024 | 17,74,474 | 09-07-2024 | 9,81,360 | 98,136 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 29. | प्रेम कुमार मिश्रा,उर्मिला मिश्रा | मकान- ख.नं. 37/10 (भाग), प.ह.नं. 42, मौजा मेंड्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 | 04-07-2023 | 12,08,832 | 12-09-2023 | 4,73,760 | 47,376 | 28-02-2026 (11am-2pm) | 26-02-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/ विवरण, अन्य नियम एवं शर्तो हेतु | खाता संख्या: ईमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लि. (आक्शन टाईगर) हेल्प लाईन नंबर: 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा-8000023297 e-Mail id : ramprasad@auctiontiger.net and support@auctiontiger.net. | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117 होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लि. एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/-.** बिक्री वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी निविदा दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तो के अधीन होगी। **किसी प्रकार की अस्पष्टता के मामले में नोटिस का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जायेगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदार को ई-नीलामी की तिथि से पहले मांग सूचना में उल्लिखित राशि के साथ-साथ वर्तमान ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

दिनांक: 13-02-2026
स्थान: बिलासपुर

द्वारा हस्ताक्षरित, प्राधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

## इशान, पंड्या और चक्रवर्ती चमके, नामीबिया को 93 रन से रौंदा

# भारतीय टीम ने रचा इतिहास, टी-20 विश्व कप में दर्ज की अपनी सबसे बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज इशान किशन और हार्दिक पंड्या के तूफानी अर्धशतक के बाद वरुण चक्रवर्ती के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के एकतरफा मैच में बृहस्पतिवार को यहां नामीबिया को 93 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टी-20 विश्व कप में यह रनों के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले भारत ने 2012 के संस्करण में इंग्लैंड को 90 रन से हराया था। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में इशान (61 रन, 24 गेंद, पांच छक्के, छह चौके) और पंड्या (52 रन, 28 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक से भारत ने नौ विकेट पर 209 रन बनाए। जिसके जवाब में नामीबिया की टीम चक्रवर्ती (सात रन पर तीन विकेट), (21 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 116 रन पर सिमट गई।



### पांड्या का ऑलराउंड प्रदर्शन, बने प्लेयर ऑफ द मैच

भारत ने जब 120 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब पांड्या क्रीज पर आए। उन्होंने नामीबिया की कम अनुभवी गेंदबाजी के सामने आकर्षक शॉट लगाए। अरुण जेटली स्टेडियम में भारतीय ऑलराउंडर ने 27 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 28 गेंदों में 52 रन बनाकर आउट हुए। अपनी अर्धशतकीय पारी में उन्होंने 4 चौके और इतने ही छक्के भी लगाए। गेंदबाजी में उन्होंने 21 रन देते हुए 2 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### भारत ने टी-20 विश्व कप में अपना तीसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया

टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम ने अपना तीसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। भारतीय टीम का सर्वोच्च स्कोर 2007 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ (218/4) आया था। उस मैच में पूर्व भारतीय दिग्गज युवराज सिंह ने एक ओवर में 6 छक्के लगाए थे। इसके बाद भारतीय टीम का दूसरा सर्वोच्च स्कोर 2021 के संस्करण में अफगानिस्तान के खिलाफ (210/2) आया था। भारत का टी-20 विश्व कप में 200+ रन का अन्य स्कोर (205/5 बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2024) है। अर्शदीप ने टी-20 क्रिकेट करियर के अपने 250 विकेट पूरे किए। नामीबिया के सलामी बल्लेबाज जान फ्राइलिंक उनका 250वां शिकार बने। अर्शदीप ने अपने 188वें मैच में 250 टी-20 विकेट पूरे किए।

### इस तरह से जीती भारतीय टीम

भारत को संजू सैमसन (22) और किशन (61) ने आक्रामक शुरुआत दिलाई। इसके बाद तिलक वर्मा (25), शिवम दुबे (23) और पांड्या (52) ने मिलकर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने 4 विकेट लिए। चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया के लौरेन स्टीनकैंप (29) और जान फ्राइलिंक (22) ने सधी हुई शुरुआत दिलाई। इसके बाद निरंतर गिर रहे विकेटों के बीच नामीबिया की टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी।

### ईशान किशन ने रचा इतिहास

पारी की शुरुआत करने आए किशन ने 24 गेंदों में 61 रन बनाए। वह टी-20 विश्व कप के इतिहास में अर्धशतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बने। बता दें कि टी-20 विश्व कप 2007 में महेंद्र सिंह धोनी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन की पारी खेली थी। 2024 में खेले गए पिछले संस्करण में ऋषभ पंत ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 42 रन बनाए थे।

किशन ने बनाए ये अन्य रिकॉर्ड्स

किशन टी-20 विश्व कप के इतिहास में भारत से चौथे सबसे तेज अर्धशतक (20 गेंद) लगाने वाले बल्लेबाज बने। उनसे तेज अर्धशतक युवराज सिंह, केएल राहुल और रोहित शर्मा ऐसा कर चुके हैं। किशन अब टी-20 विश्व कप में पावरप्ले के दौरान ही अर्धशतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने। बता दें कि रोहित (51* बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2024) और केएल राहुल (50 बनाम स्कॉटलैंड, 2021) ऐसा कर चुके थे।

## टी-20 विश्व कप इतिहास में इटली ने दर्ज की अपनी पहली जीत, नेपाल को दी शिकस्त



**मुंबई।** टी-20 विश्व कप 2026 के 17वें मैच में इटली क्रिकेट टीम ने नेपाल क्रिकेट टीम को 10 विकेट से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए मुकाबले में नेपाल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 123 रन बनाए। जवाब में इटली की टीम ने 13वें और में लक्ष्य हासिल किया। मोस्का बंधुओं ने शतकीय साझेदारी करते हुए इतिहास रच दिया। दरअसल, यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में 2 भाइयों द्वारा बनाई गई पहली शतकीय साझेदारी है।

**जस्टिन और एंथनी ने लगाए अर्धशतक**

लक्ष्य का पीछा करते हुए जस्टिन मोस्का और एंथनी मोस्का ने अपने-अपने अर्धशतक लगाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज जस्टिन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय का अपना चौथा अर्धशतक 37 गेंदों में पूरा किया।

### इटली ने आसानी से जीता मैच

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 49 रन तक अपने 3 विकेट गंवाए। इसके बाद भी नेपाल के विकेटों के गिरने का क्रम जारी रहा। इस बीच आरिफ शेख ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। अंत में करन केसी ने 11 गेंदों में 18 रन का योगदान देते हुए टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। जवाब में इटली को जस्टिन मोस्का (61*) और एंथनी मोस्का (61*) ने अर्धशतक लगते हुए जीत दिलाई।

### क्रिशन ने लिए 3 विकेट

इटली की ओर से क्रिशन कलुगामागे सबसे सफल गेंदबाज रहे। इस स्पिनर ने अपने 4 ओवर के कोटे में 18 रन देते हुए 3 विकेट लिए।

### मोस्का बंधुओं ने साझेदारी में बनाया विश्व रिकॉर्ड

मोस्का बंधुओं ने शतकीय साझेदारी करते हुए इतिहास रच दिया। दरअसल, यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में 2 भाइयों द्वारा बनाई गई पहली शतकीय साझेदारी है।




## श्रीलंका ने दर्ज की टी-20 विश्व कप के इतिहास में अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶| पल्लीकल

ओमान ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका ये फैसला गलत साबित हुआ। श्रीलंका के लिए पवन रत्नायके (60), कुसल मेंडिस (61) और दासुन शनाका (50) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और 225/5 का पहाड़ जैसा



स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में ओमान के लिए कोई भी बल्लेबाज मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाया। मोहम्मद नदीम ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। ओमान की पूरी टीम 120/9 का स्कोर ही बना पाई। श्रीलंका के शनाका ने सिर्फ 20 गेंदों का सामना किया और 50 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 2 चौके और 5 छक्के निकले। ये उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 7वां और टी-20 विश्व कप में पहला ही अर्धशतक रहा।

## भारत का मुकाबला जापान, ऑस्ट्रेलिया, लेबनान से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए चार बार के चैंपियन जापान, ऑस्ट्रेलिया और लेबनान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। किर्गिज़ गणराज्य और उज्बेकिस्तान को हराकर 21 वर्षों में पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जिसके बाद वह जापान और लेबनान का सामना करेगी। चीन में यह टूर्नामेंट एक से 17 मई तक सूज़ौ शहर में सूज़ौ स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम और सूज़ौ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

### ग्रुप ए और सी में ये देश शामिल

मेजबान चीन को थाईलैंड, वियतनाम और म्यांमार के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप सी में उत्तर कोरिया, कोरिया गणराज्य, फिलीपींस और चीनी ताइपे शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।




# आसमान में दिखेगी चमकती हुई अंगूठी, 17 फरवरी को नजर आएगा रिंग ऑफ फायर

**नई दिल्ली।** 17 फरवरी का दिन एस्ट्रोनॉमी लवर्स के लिए खास दिन होने वाला है। इस दिन साल 2026 की पहली बड़ी खगोलीय घटना यानी वलयाकार सूर्य ग्रहण होने जा रही है। इसे 'रिंग ऑफ फायर' के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इस दौरान आसमान में सूजर एक चमकती हुई अंगूठी की तरह दिखाई देता है। हालांकि, अफसोसजनक बात ये है कि इस अद्भुत नजारे को लगभग कोई भी इंसान अपनी आंखों से नहीं देख पाएगा।

### रिंग ऑफ फायर को इंसान क्यों नहीं देख पाएंगे?

लगभग कोई भी इंसान अपनी आंखों से रिंग ऑफ फायर को नहीं देख पाएंगे। दरअसल, इसकी भौगोलिक स्थिति है। 17 फरवरी को होने वाले इस ग्रहण का मेन पाथ अंटार्कटिका से होकर गुजर रहा है, जो कि पृथ्वी के सबसे सुदूर और दुर्गम इलाकों में से एक है। इस मार्ग विशेष रूप से निर्जन बर्फीले मैदानों और दक्षिणी महासागर के ऊपर है। इसलिए वहीं कोई इंसान रह नहीं पाता, ऐसे में वहीं कोई स्थायी मानव बस्तियां भी नहीं है। इसलिए इसे केवल वहां मौजूद वैज्ञानिक केंद्रों में रह रहे रिसर्चर्स और वहां रहने वाले लाखों पेंगुइन ही देख पाएंगे। ऐसे में इसे मजाक में 'पेंगुइन का ग्रहण' भी कहा जाता है।



### क्या होता है रिंग ऑफ फायर?

रिंग ऑफ फायर को समझने के लिए पहले आपको समझना होगा कि सूर्य ग्रहण कैसे होता है? आपको बता दें, जब चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य के बीच आ जाता है, तब सूर्य ग्रहण होता है। ऐसे में वलयाकार या रिंग ऑफ फायर ग्रहण तब होता है, जब चंद्रमा पृथ्वी से अपनी सबसे दूर की कक्षा के करीब होता है। इसी दूरी के कारण चंद्रमा साइज में सूर्य से छोड़ा छोटा दिखाई देता है और उसे पूरी तरह ढक नहीं पाता। इसका नतीजा ये होता है कि चंद्रमा के चारों ओर सूरज का बाहरी हिस्सा एक चमकदार छल्ले या अंगूठी की तरह चमकने लगता है।

### किस समय आएगा रिंग ऑफ फायर और क्या होगी विजिबिलिटी?


रिंग ऑफ फायर केवल अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में ही दिखाई देगा। ऐसे में यह दक्षिण अफ्रीका, अर्जेंटीना के दक्षिणी हिस्से, चिली और हिंद महासागर के कुछ द्वीपों में ये आंशिक सूर्य ग्रहण के रूप में दिखेगा, जहां सूरज का एक हिस्सा कटा हुआ नजर आएगा। वहीं, भारत या एशिया के लोगों के लिए इस बार का रिंग ऑफ फायर काफी अफसोसजनक है, क्योंकि ये ग्रहण भारत या एशिया के किसी भी हिस्से में दिखाई नहीं देने वाला है।

### सावधानी बरतना जरूरी

साइंटिस्ट का कहना है कि 'रिंग ऑफ फायर' को देखते समय कुछ सावधानी बरतने की जरूरत होती है। भले ही यह बहुत कम लोग देख पाएंगे, लेकिन जो भी इसे देख रहे हों, उन्हें कभी भी नग्न आंखों से सूरज की ओर नहीं देखना चाहिए। इसके लिए खास प्रमाणित सोलर चश्मों का इस्तेमाल करना जरूरी है, वरना आंखों की रोशनी को नुकसान पहुंच सकता है। अगर आप इस घटना को देखना चाहते हैं, तो दुनिया भर की स्पेस एजेंसियां और वेधशालाएं इसका सीधा प्रसारण करेंगी, जिसके जरिए आप घर बैठे भी इस 'कॉस्मिक रिंग' को देख सकेंगे।

# ऊंटों के पास भी होगा पासपोर्ट!

## सऊदी अरब ने लिया ये अनोखा फैसला



**रियाद।** सऊदी अरब ने ऊंटों के लिए आधिकारिक कैमल पासपोर्ट सिस्टम लॉन्च कर दिया है। इसकी घोषणा उप पर्यावरण, जल और कृषि मंत्री मनसूर अलमुशैती ने की। यह पहल सऊदी विजन 2030 का हिस्सा है, जिसका मकसद पारंपरिक सेक्टर को आधुनिक बनाना है। सरकार चाहती है कि ऊंटों से जुड़ा पूरा तंत्र साफ, व्यवस्थित और भरोसेमंद बने।

### क्यों जरूरी था ऊंट पासपोर्ट

अरब दुनिया में ऊंट सिर्फ जानवर नहीं, बल्कि तहजीब और रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। ट्रांसपोर्ट, खेती और व्यापार में इनकी बड़ी भूमिका है। अब पासपोर्ट के जरिए हर ऊंट की पहचान, मालिकाना हक और सेहत का पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा। इससे खरीद-बिक्री में पारदर्शिता आएगी और गलतफहमी कम होगी।

### कैसा होगा यह कैमल पासपोर्ट




मंत्रालय के अनुसार, यह पासपोर्ट एक डिटेल्ड पहचान दस्तावेज होगा. इसमें ऊंट का माइक्रोचिप नंबर, पासपोर्ट नंबर, नाम, जन्म तिथि, नस्ल, रंग, जन्म स्थान और लिंग दर्ज रहेगा। ऊंट की दोनों तरफ से ली गई तस्वीरें भी होंगी। साथ ही टीकाकरण का पूरा रिकॉर्ड जोड़ा जाएगा, ताकि सेहत पर नजर रखी जा सके।

### क्या बदलेगा इस नए सिस्टम से

इस सिस्टम से ऊंट बाजार में नियम साफ होंगे। मालिकाना हक साबित करना आसान होगा। करीब 22 लाख ऊंटों का डिजिटल डाटाबेस बनेगा। पशुधन प्रबंधन और निगरानी मजबूत होगी। किसी बीमारी के फैलने पर तुरंत कदम उठाया जा सकेगा।

### ऊंटों को मिली आधिकारिक पहचान

यह खबर दिखाती है कि सऊदी अरब किस तरह अपनी परंपरा को तकनीक से जोड़ रहा है। कैमल पासपोर्ट सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि विरासत और भविष्य के बीच एक नया पुल है। इससे ऊंट उद्योग ज्यादा सुरक्षित, भरोसेमंद और आधुनिक बन सकेगा।

# बंजर रेगिस्तान में नहीं उगता था एक तिनका, आज उग गए 66 अरब पेड़

बीजिंग।चीन एक ऐसा देश है, जिसके कारनामे कई बार दुनिया को आश्चर्यचकित कर देते हैं। अब चीन ने बंजर रेगिस्तान में 66 अरब से ज्यादा पेड़ उगाकर लोगों को हैरान कर दिया है। हम बात कर रहे हैं ताकलमाकन रेगिस्तान की, जो चीन के उत्तर-पश्चिम में स्थित है और 'मौत का समुद्र' के नाम से मशहूर है। यहां कभी जीवन के कोई चिह्न नहीं मिलते थे, रेत के टीले हिलते रहते थे, लेकिन आज यहां हरा-भरा घेरा बन चुका है। चीन की ग्रेट ग्रीन वॉल या थ्री-नॉर्थ शेल्टरबेल्ट प्रोग्राम ने इसे संभव बनाया है। 1978 में शुरू हुई इस मेगा परियोजना का लक्ष्य 2050 तक गोबी और ताकलमाकन जैसे रेगिस्तानों के फैलाव को रोकना था। ताकलमाकन रेगिस्तान करीब 3,37,000 वर्ग किलोमीटर में फैला है, जो मोंटाना राज्य जितना बड़ा है। यहां की रेत 95% से ज्यादा घूमती रहती थी, जिससे आसपास के इलाकों में रेत की आंधियां आती थी। लेकिन, आज इस जगह को देखकर कोई कह नहीं सकता है कि ये कभी रेगिस्तान था।

### बदल कर रख दिया चेहरा

1950 के बाद शहरीकरण और खेती के कारण रेगिस्तान और फैल गया था। लेकिन, चीन ने इसे रोकने के लिए 'ग्रेट ग्रीन वॉल'शुरू की, जिसमें अरबों पेड़ लगाए गए. ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक उत्तरी चीन में 66 अरब से ज्यादा पेड़ लगाए जा चुके हैं। नवंबर 2024 में चीन ने घोषणा की कि ताकलमाकन रेगिस्तान के चारों ओर 3,046 किलोमीटर लंबा हरा घेरा पूरा हो गया है। इस घेरे में रेगिस्तान-रोधी पेड़ जैसे रेड विलो, सक्सौल, डेजर्ट पॉपलर आदि लगाए गए हैं। अंतिम 100 मीटर का काम युतियन काउंटी में किया गया। इस प्रोजेक्ट से रेत के टीले स्थिर हो गए हैं और रेगिस्तान अब कार्बन सिंक बन गया है यानी यह वातावरण से ज्यादा $CO_2$ सोखता है, जितना छोड़ता है।

## चीन ने फिर प्रकृति को कर दिया हैरान!



### सफल हुआ प्रॉजेक्ट

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा इकोलॉजिकल इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट है। यह जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में बड़ा योगदान दे रहा है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि रेत आंधियों पर असर बहस का विषय है, लेकिन कार्बन सोखने और रेगिस्तान स्थिरीकरण में सफलता साफ है। चीन अब और 34 अरब पेड़ लगाने की योजना बना रहा है।

### हैरान हुए लोग

लाइव साइंस और रॉयटर्स जैसी रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस परियोजना से चीन का कुल वन कवर 1949 के 10% से बढ़कर 2024 में 25% से ज्यादा हो गया है। शिनजियांग प्रांत में ही वन कवर 1% से बढ़कर 5% हो गया। रेगिस्तान का फैलाव रुका है, धूल भरी आंधियां कम हुई हैं, खासकर बीजिंग जैसे शहरों में। परियोजना ने 30 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में पेड़ लगाए हैं, जो ब्रिटेन से बड़ा इलाका है। यह काम आसान नहीं था। शुरुआती सालों में कई पेड़ मर जाते थे, क्योंकि रेगिस्तान में पानी कम है और मिट्टी खराब है। लेकिन, चीन ने ड्रोन सीडिंग, सैटेलाइट मॉनिटरिंग, एआई और इंटेलिजेंट रोबोट्स का इस्तेमाल किया। सूखा-सहिष्णु प्रजातियां चुनी गई. झुंड में पेड़ लगाए गए, ताकि वे एक-दूसरे को सपोर्ट करें। अब यह क्षेत्र जैव-विविधता का केंद्र बन रहा है, जहां पक्षी, जानवर लौट आए हैं।

# इस गांव में कभी नहीं होती बारिश, फिर भी होती है बढ़िया खेती



**सना।** यमन की राजधानी सना के पास स्थित अल हुतैब गांव दुनियाभर के वैज्ञानिकों, यात्रियों और भूगोलविदों को हैरान करता है। इस गांव की सबसे खास बात यह है कि यहां कभी बारिश नहीं होती। कल्पना कीजिए कि आप ऐसी जगह पर रहते हों जहां बारिश आपके पैरों के नीचे हो रही हो, लेकिन आपका गांव पूरी तरह सूखा रहे। यह कोई फिल्मी सीन नहीं, बल्कि हकीकत है। यमन की राजधानी सना के पास स्थित अल हुतैब गांव दुनियाभर के वैज्ञानिकों, यात्रियों और भूगोलविदों को हैरान करता है। इस गांव की सबसे खास बात यह है कि यहां कभी बारिश नहीं होती।

**आखिर क्या है राज?**

### बादलों से भी ऊपर बसा गांव

अल हुतैब समुद्र तल से करीब 3200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। आमतौर पर बारिश वाले बादल 1500 से 2000 मीटर की ऊंचाई पर बनते हैं और वहीं बरसते हैं। लेकिन, इस गांव के मामले में बादल गांव से नीचे जमा होते हैं और घाटियों में बारिश करते हैं। यानी गांव के लोग अपने घरों के नीचे गरज-चमक और तेज बारिश का नजारा देखते हैं, जबकि उनका इलाका सूखा रहता है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यहां खेती भी सफलतापूर्वक की जाती है। ग्रामीण पहाड़ी ढलानों पर सीढ़ीदार खेती करते हैं। सीधे बारिश न होने के बावजूद वे पारंपरिक तरीकों से पानी इकट्ठा करते हैं। जैसे ओस, धुंध और पहाड़ों से बहकर आने वाला पानी, यह इलाका खासतौर पर उच्च गुणवत्ता वाली यमनी कॉफी के लिए प्रसिद्ध है। जिसे उसके बेहतरीन स्वाद और सुगंध के कारण दुनियाभर में पसंद किया जाता है। यह दुनिया की उन चुनिंदा जगहों में से एक है जहां लोग सचमुच मौसम से ऊपर रहते हैं। यहां बारिश न होने के बावजूद मौसम काफी कठिन है। अधिक ऊंचाई और पतली हवा के कारण सुबह बेहद ठंडी होती है। जैसे-जैसे सूरज ऊपर चढ़ता है, तापमान तेजी से बढ़ता है और दोपहर में काफी गर्मी हो जाती है। चूंकि, गांव बादलों की परत से ऊपर है, इसलिए यहां सीधी और तेज धूप पड़ती है। अल हुतैब केवल अपने अनोखे मौसम के लिए ही नहीं, बल्कि धार्मिक महत्व के कारण भी प्रसिद्ध है। यह बोहरा समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। यहां तीसरे दाई अल मुतलाक सैयदना हातिम बिन इब्राहिम अल हमीदी की दरगाह स्थित है। भारत, पाकिस्तान और दक्षिण एशिया के अन्य हिस्सों से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यहां खेती भी सफलतापूर्वक की जाती है। ग्रामीण पहाड़ी ढलानों पर सीढ़ीदार खेती करते हैं।

# प्यार से कोसों दूर है वेलेंटाइन डे की कहानी, ऐसे हुई थी इस दिन को मनाने की शुरुआत



**नई दिल्ली।** इतिहासकारों के मुताबिक वेलेंटाइन डे की जड़ें प्राचीन रोम के एक त्योहार लुपेर्केलिया से जुड़ी हैं, जो फरवरी के बीच में मनाया जाता था। यह त्योहार प्यार से अलग कुछ अजीब रस्मों के लिए जाना जाता था। कहा जाता है कि इस त्योहार को पुरुषों को ताकतवर दिखाने के लिए सेलिब्रेट किया जाता था । और इसके लिए पुरुष महिलाओं के साथ बदसलूकी किया करता थे। हालांकि, 5वीं सदी में पोप गेलैसियस ने इस त्योहार को बंद करने के लिए 14 फरवरी को सेंट वेलेंटाइन के नाम पर एक धार्मिक दिन घोषित कर दिया। लेकिन, इतिहासकारों का कहना है कि इसका कोई ठोस सबूत नहीं मिलता। यानी लुपेर्केलिया और सेंट वेलेंटाइन को जोड़ने की कहानी बाद में बनाई गई हो सकती है इसका जवाब भी साफ नहीं है। कुछ कहानियों के अनुसार, तीसरी सदी में रोम पर सम्राट क्लॉडियस द्वितीय का शासन था। सम्राट का मानना था कि शादी करने के बाद पुरुषों की ताकत कम हो जाती है। अविवाहित पुरुष बेहतर सैनिक बनते हैं, क्योंकि उन्हें परिवार और प्रेम संबंधों की चिंता नहीं होती। इसी सोच के चलते उन्होंने पूरे रोम में विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं, दूसरी ओर पादरी वेलेंटाइन (प्रेमी) सम्राट के आदेश के खिलाफ जाकर प्रेमियों की शादी करवाते थे। उनका मानना था कि 'प्रेम कोई अपराध नहीं, बल्कि ईश्वर का वरदान है।' अब, जब सम्राट को संत वेलेंटाइन के इस कार्य की जानकारी मिली, तो वे गुस्से से आग बबूला हो उठे।




# 70 साल की उम्र में दीपाली चलाती हैं अपना टूटा-फूटा भोजनालय

**नई दिल्ली।** हमारी भागती-दौड़ती जिंदगी में हम छोटी-छोटी बातों पर परेशान हो जाते हैं और कई बार हार मानकर बैठ जाते हैं। ऐसे में कुछ कहानियां हमें जगाने के लिए आती हैं और हमें अंदर तक झकझोर देती हैं। ये कहानियां हमें ये सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि क्या हमारा जीवन वाकई में उतना परेशानी वाला है, जितनी परेशानी दूसरे लोग सहन कर रहे हैं? ऐसी ही कहानी है बंगाल की 70 साल की दीपाली घोष की, जिनकी असाधारण मेहनत और संघर्ष हमें ये सिखाता है कि कोई भी परेशानी आपके हौसले से बड़ी नहीं हो सकती।



### कौन हैं दीपाली घोष?

इंस्टाग्राम यूजर आराधना चटर्जी ने अपने वॉल पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें 70 साल की बुजुर्ग महिला दीपाली घोष की स्टोरी है। दीपाली के पति का निधन हो चुका है और वह अकेले ही बीते 30 सालों से एक टूटा-फूटा भोजनालय चला रही हैं। उन्हें मुश्किल से दिन में 5 ग्राहक ही मिलते हैं, फिर भी उनका हौसला कम नहीं हुआ है।

### दिल को छूती है कहानी

दीपाली का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और इस वीडियो ने इंटरनेट यूजर्स का दिल जीत लिया है। लोग इस वीडियो को देखकर इमोशनल हो रहे हैं और दीपाली की मदद करने की बात कह रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस उम्र में इतनी मेहनत करना लाखों लोगों के लिए प्रेरणा है, जो हार मान बैठते हैं। दीपाली की कहानी दिल को छूती है। एक 70 साल की महिला, जिसका पति नहीं है और परिवार में भी कोई नहीं है, भीख नहीं मांगती, बल्कि अपनी टूटी-फूटी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को जितना संभव हो सके, उतना खाना बनाकर खिलाती है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com